हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025



# मोबाइल को लेकर बारात में चला चाकू, लड़की पक्ष के मेहमान की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव से शादी समारोह में शामिल होने गए एक युवक की हत्या कर दी गई है। बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर रनचिरई थाना अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ में बाराती पक्ष के युवकों ने लड़की पक्ष के युवक पर धारदार चाकू से जमकर हमला कर दिया। घटना में युवक के सिर व सीने में गंभीर चोंट लगने के कारण युवक की मौत हो गई। घटना रविवार रात्रि करीब 9 बजे की है। फिलहाल रनचिरई पुलिस द्वारा आरोपी को कस्टडी में लेकर जांच की जा रही है।

आपको बता दें कि ग्राम चिचबोड़ निवासी द्रोणाचार्य ठाकुर के भतीजी की शादी का रस्म पूरा करने की तैयारी चल रहा था। रविवार को राजनांदगांव से बाराती पहुंचे थे। इस बीच लड़का पक्ष की ओर से एक युवक का मोबाइल गुम हो जाने की सूचना प्राप्त हुई। गुम मोबाइल कन्या पक्ष की ओर से कन्या के भाई के दोस्त के हाथ लगा। जिसके बाद युवक मोबाइल को वापस लौटाने को तैयार था, फिर अचानक बाराती पक्ष के लड़कों ने लड़की पक्ष के युवक पर धारदार चाकू से सिर, गर्दन और सीने में जमकर वार कर दिया। जिसके बाद घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुंडरदेही ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पक्ष से कन्या का चाचा ने बताया कि विवाद कोई बहुत बड़ा नहीं था। विवाद मोबाइल गुम हो जाने के संबंध में था। मोबाइल किसी दूसरे व्यक्ति ने पाया था। उसके बाद मृतक के हाथ में लगा। दोनों पक्ष से रजामंदी भी हो गया था, लेकिन आक्रोशित बाराती ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक की मौत हो गई। इस मामले में जांच की जा रही है।

## बालोद जिले के रनचिरई थाना का मामला, राजनांदगांव से गई थी बारात

### मोबाइल को लेकर विवाद

मिली जानकारी के अनुसार उक्त शादी में किसी बाराती का मोबाइल गुम होने के बाद मोबाइल बाजा-बजाने वाले लोगों के हाथ लगा था, लेकिन आरोपी पक्ष समझ नहीं पाए। उनका आरोप था कि दुल्हन के भाई का दोस्त ने मोबाइल चोरी किया है। आक्रोश में आए बाराती लगभग रात्रि 9 बजे चार से पांच युवक चाकू लेकर पहुंचे और 19 वर्षीय युवक रामप्रसाद मेश्राम पर हमला कर दिया।





मृतक युवक

### बिलासपुर का निवासी था मृतक

मेहमानों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक युवक कन्या के भाई का दोस्त था। वह बिलासपुर जिला का मूल निवासी था। आरोपियों ने मृतक को लगभग 10 से 12 जगह चाकू से गोद डाला है। जिसमें सबसे ज्यादा सिर को चोंट पहुंचा है और शरीर के सीना साइड का दांया-बांया हिस्सा में भी चाकू का निशान है। चाकू इतना धारदार था कि हमले के बाद उसका जीवित रह पाना बड़ा मुश्किल था। पुलिस द्वारा लगभग 6 संदिग्ध लोगों से पूछताछ किया जा रहा है। इन्हीं में से होंगे, आरोपी यह तय माना जा रहा है। जिसमें नाबालिग भी हो सकता है।

## दो करोड़ की लागत से बने दिग्विजय कॉलेज के हॉस्टल में असामाजिक तत्वों का डेरा

# आबाद होने से पहले ही बिगड़ी सूरत, दूरी अधिक होने से खंडहर में तब्दील हॉस्टल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पेंड्री में तीन साल पहले लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से बना शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय का बॉयज हॉस्टल सेटअप नहीं होने के चलते खंडहर में तब्दील हो रहा है। यह हॉस्टल छात्रों से गुलजार होने से पहले ही उजाड़ हो गया है और अब यह असामाजिक तत्वों का डेरा बनता जा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च कर हॉस्टल का निर्माण किया गया और फिर शिफ्टिंग के अभाव में यह हॉस्टल खंडहर बन गया। वहीं अब इस खंडहर की बाउंड्रीवाल के लिए एक बार फिर करोड़ों रुपए खर्च करने की तैयारी है।

कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण खंडहर हो रहे इस हॉस्टल में कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के नहीं आने के पीछे सबसे बड़ा कारण इसकी कॉलेज से दूरी है। प्रबंधन ने इस बॉयज हॉस्टल को कॉलेज से लगभग 6 किमी दूर शहर के आउटर एरिया में बनवा दिया। कॉलेज से हॉस्टल की दूरी अधिक होने के कारण विद्यार्थी वहां रहने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से बने इस भवन के रखरखाव और मेंटेनेंस का अभाव भी है। जिसके चलते हॉस्टल की सुविधा का लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रहा है।



### हॉस्टल का उपयोग नहीं

पेंड्री मेडिकल कॉलेज से पेंड्री अटल आवास की ओर जाने वाले रास्ते पर शमशान के समीप निर्मित इस हॉस्टल की सड़क अब तक अधूरी है। सुविधा के अभाव के चलते छात्र यहां रहना पसंद नहीं करते। जिसकी वजह से हॉस्टल का उपयोग नहीं हो रहा।

### छात्रों को करेंगे प्रोत्साहित

अभी वहां सेटअप नहीं है। बाउंड्रीवॉल बन रहा है। नए सत्र में छात्रों को वहां जाने प्रेरित करेंगे। सुविधाओं का विस्तार करने की कोशिश की जा रही है।

\- डॉ. सुचित्रा गुप्ता, प्राचार्य
दिग्विजय महाविद्यालय

### असामाजिक तत्वों का डेरा

इस वीरान पड़े हॉस्टल में सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के चलते असामाजिक तत्वों के लोग यहां रात को अपना डेरा लगाए रहते हैं। पेन्ड्री क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के लिए यहां हॉस्टल मुफीद ठिकाना बन रहा है।

### एक चौकीदार के भरोसे सुरक्षा

हॉस्टल का निर्माण होने के बाद तीन शिफ्ट में यहां चौकीदार रखा गया था। जनभागीदारी से चौकीदारों को उनका वेतन भुगतान किया जाना था, लेकिन वेतन भुगतान नहीं होने के चलते दो चौकीदारों ने नौकरी छोड़ दी। वहीं अब इस हॉस्टल की देखरेख के लिए महज एक चौकीदार ही है।

**आने-जाने सुविधा नहीं :** इस खंडहर पड़े बॉयज हॉस्टल में लगभग 100 छात्रों के रहने के लिए व्यवस्था है, लेकिन शहर कॉलेज से काफी दूर होने की वजह से छात्र रहना पसंद नहीं किया। वहीं उनको लाने-ले-जाने के लिए भी कोई बस की सुविधा नहीं दी गई। जिसके चलते यह हॉस्टल वीरान पड़ा हुआ है।

**विद्युत उपकरण चोरी :** शासकीय दिग्विजय कॉलेज में पढ़ने वाले विद्याथियों के लिए दो करोड़ रुपए खर्च करके बॉयज हॉस्टल बनाया गया, लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया। इस वजह से हॉस्टल खंडहर हो रहा है। असामाजिक तत्वों द्वारा हॉस्टल के भीतर से लाइट, बिजली के बोर्ड और अन्य उपकरणों को तोड़कर चोरी कर लिया गया है। वहीं खिड़की-दरवाजे भी तोड़ दिए गए हैं। इस बिल्डिंग में भी दरारें आ गई है।

# शराब पीने, गाली-गलौज करने पर दामाद ने की ससुर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## पत्थर मारकर हत्या, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छुरिया क्षेत्र के ग्राम दामाबंजारी में शराब पीने एवं गाली-गलौज करने से मना करने पर आक्रोशित दामाद ने अपने ससुर पर पत्थर से हमला कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 मई को प्रार्थी प्रकाश कुमार टेमुरकर निवासी दामाबंजारी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके साढू भाई इंदल वाल्दे की हत्या उसके दामाद लोमश द्वारा घर में पीडहा से मारकर हत्या कर दिया है।

सूचना पर छुरिया पुलिस ग्राम दामाबंजारी पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण पश्चात वरिष्ठ मौके पर एफएसएल प्रभारी डॉ. चिरंजीव चन्द्रा को मौका मुआयना हेतु बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, उपनिरीक्षक ओमसिंह साहू एवं स्टाफ छुरिया द्वारा बारिकी से घटनास्थल एवं शव निरीक्षण किया गया।



### सोते समय किया हमला

मृतक इंदल वाल्दे पिता रामलाल वाल्दे 56 साल की मृत्यु सिर में प्राणघातक चोंट पहुंचाने से होना पाया गया। परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी लोमश से गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया। आरोपी को मृतक इंदल वाल्दे द्वारा उसे शराब पीने एवं गाली-गलौज करने से मना करने से क्षुब्ध होकर ससुर इंदल वाल्दे की हत्या करने की नियत से घर में रखे पत्थर से सोते समय सिर में पत्थर पटककर प्राणघातक चोंटे पहुंचाकर हत्या करना बताया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 1 नग पत्थर खून लगा, 1 नग लकड़ी का पीडहा खून लगा एवं घटना के समय पहने खून लगा हुआ जींस पैंट को पुलिस ने जब्त किया। आरोपी लोमश धगेश 42 साल साकिन कोहका को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

# जंगली सूअर ने बुजुर्ग पर किया हमला इलाज के दौरान मौत, क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



जिले के गोटाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत पलांदुर निवासी एक बुजुर्ग ग्रामीण पर जंगली सुअर ने जानलेवा हमला कर दिया। मृतक अपने गांव से साइकिल में समीपस्थ ग्राम किसी काम को लेकर निकला था कि गांव से बाहर तालाब से दौड़ लगाते जंगली सूअर ने साइकिल सवार बुजुर्ग पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को ग्रामीण व परिजनों ने सामुदायिक अस्पताल मोहला पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक स्थिति होने पर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना क्षेत्र में मानव-वन्य जीव संघर्ष का एक और चिंताजनक उदाहरण बनकर सामने आया है।

जानकारी के अनुसार मृतक गोवर्धन नागवंशी पिता स्वर्गीय दशरुराम 72 वर्ष निवासी पलांदुर रविवार सुबह करीब 11 बजे के लगभग अपनी साइकिल से ककईपार जा रहा था। रास्ते में सड़क से सटे तालाब में पहले से मौजूद एक जंगली सूअर ने बुजुर्ग को देखते ही अचानक हमला कर दिया। सूअर के इस घातक हमले से गोवर्धन नागवंशी बुरी तरह से घायल हो गया। उसके पेट से अतड़ी बाहर आ गई, पीठ में बड़ा गड्ढा, जांघ, पैरों पर गंभीर चोटें आई थी। ⏩ शेष पेज 14 पर

### एक सप्ताह में तीसरा हमला

बताया गया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में जंगली सूअर के हमले की यह तीसरी घटना है। ग्रामीणों का अभी गर्मी के इस मौसम में तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य जोरों पर है और लोग सुबह 3 बजे से ही जंगलों की ओर निकल रहे हैं। ऐसे समय में जंगली-जानवरों से मुठभेड़ की आशंका लगातार बढ़ रही है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य सूर्योदय के बाद ही करें। जंगल पहाड़ी में समूह में जाएं। जिससे वन्य जीवों के हमलों को रोका जा सके।

### तैयार हो रहा प्रकरण

इस दुखद घटना पर वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल ने बताया कि गोवर्धन नागवंशी की मौत वन्य प्राणी हमले के कारण हुई है और विभाग की टीम ने अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को 25,000 रुपए की तात्कालिक सहायता राशि सोमवार को प्रदान की जाएगी। शासन के नियमानुसार वन्य प्राणी हमले में जनहानि होने पर 6 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति दी जाती है। जिसमें शेष 5 लाख 75 हजार रुपए की प्रक्रिया जल्द पूरी कर राशि प्रदान की जाएगी।

# नशीली टैबलेट बिक्री, गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** नशीले पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से नशीली टेबलेट बिक्री करते बिहार के एक युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी साजन कुमार कनसारा निवासी दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ स्थायी पता ग्राम सबोर जिला भागलपुर बिहार द्वारा अवैध रूप से धन अर्जन करने हेतु शासन द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाई टैबलेट का बिक्री कर रहा था।जिसके विरूद्ध धारा-21(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। आगे भी नशीली दवाई बिक्री करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 200 नग टैबलेट बरामद

इसी अभियान के दौरान 11 मई को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ में रहने वाला साजन कुमार कनसारा खैरागढ़ रोड कक्कड़ पेट्रोल पंप के सामने डोंगरगढ़ में अवैध रूप से धन लाभ अर्जित करने हेतु लोगों को नशीली टेबलेट बेच रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी साजन कुमार कनसारा को एक थैला के अंदर में रखे नशीली टैबलेट 10 कुल 20 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 10 नग टेबलेट कुल 200 नग एवं बिक्री नगदी रकम 500 रुपए के साथ पकड़ा गया।

# पिकअप में गौ तस्करी, पुलिस को देख वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में मवेशियों को भरकर महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर जब पुलिस ने उक्त वाहन का पीछा किया, तब चालक वाहन को छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन से 14 मवेशी बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 11 मई को थाना गैंदाटोला पुलिस को रात्रि में मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मातेखेड़ा से ग्राम मासूल होते हुए एक पिकअप वाहन का चालक अपने उक्त वाहन में मवेशियों को ठूंसकर भरकर क्रूरतापूर्वक महाराष्ट्र ककोड़ी कत्लखाना की ओर ले जा रहा है।

**फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश**

पिकअप वाहन के चालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 6, 4, 10 एवं पशुक्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत अपराध घटित करना पाए जाने पर धारा सदर का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपी का पता-तलाश किया जा रहा है।



### आरोपी की तलाश जारी

इस सूचना पर थाना से पुलिस पार्टी रवाना हुआ। मौके पर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस को पीछे आता देखकर पिकअप वाहन का चालक पकड़े जाने के भय से अपने उक्त वाहन को रोड़ में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल पहाड़ी की ओर फरार हो गया। वाहन पिकअप के डाला को चेक करने पर 14 नग गाय बछड़ा प्रजाति के मवेशी को ठूंस-ठूंसकर क्रूरतापूर्वक बिना चारा-पानी के भरा हुआ मिला।

### 10 जीवित, 4 मृत मिले

जिसमें से 10 नग जीवित अवस्था एवं चार नग मृत अवस्था में कीमती 14000, चालक सीट पर एक नग लावा कंपनी का की-पैड मोबाइल फोन कीमती 1000 एवं पिकअप वाहन कीमती 250000 रुपए कुल कीमती 265000 रुपए को गवाहों के समक्ष मौके पर विधिवत जब्त कर जीवित मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाने पश्चात नंदिनी गौशाला भंडारपुर हालेकोसा छुरिया सुरक्षार्थ छोड़ा गया। मृत मवेशियों को पशु चिकित्सक से पीएम कराया गया।

## मुठभेड़ स्थल में मिले खून के धब्बे, रायफल, कारतूस, नक्सल सामग्री

# गढ़चिरौली पुलिस ने तीन माओवादी ठिकाने पर बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नक्सलियों का सबसे बड़ा आवक तेंदूपत्ता वसूली को लेकर माओवादी संगठन छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर एक्टिव है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे गढ़चिरौली जिले के सरहदी इलाके में जंगल के भीतर तीन जगह पर महाराष्ट्र की एंटी नक्सल फोर्स के साथ आज सुबह नक्सलियों का जंगल में तीन स्थानों पर मुठभेड़ हुआ है। घटनास्थल पर खून के धब्बे, रायफल, कारतूस, नक्सल सामग्री सामग्री बरामद किया गया है।

महाराष्ट्र नक्सल सेल से मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को विश्वसनीय सूचना मिली कि भामरागढ़ दलम के नक्सली एफओबी कवांडे के पास महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर एकत्रित हुए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर नक्सल ऑपरेशन के एएसपी एम. रमेश के नेतृत्व में लगभग 200 सी-60 के एंटी नक्सल कमांडों ने रविवार शाम को अभियान शुरू करते जंगल में दाखिल हुए। सोमवार सुबह जब वे इलाके की तलाशी कर रहे थे, तो माओवादियों द्वारा उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई। सी-60 ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की। 2 घंटे की अवधि में तीन अलग-अलग स्थानों पर माओवादियों के साथ गोलीबारी हुई है।



### घटनास्थल पर मिले खून के धब्बे

माओवादी व गढ़चिरौली फोर्स के साथ हुए संघर्ष में मौके पर माओवादियों के घायल होने तथा मारे जाने के साथ-साथ साथी नक्सलियों द्वारा घसीटने के चिन्ह मिले हैं। जिससे अदाजा व्यक्त की जा रही है कि नक्सलियों को बड़ी क्षति इस मुठभेड़ में पहुंची है।

### वसूली के जुगत में नक्सली

*लगातार बस्तर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों के खिलाफ व्यापक मोर्चा सुरक्षा बल के जवान लिए हुए हैं। इस बीच किसी तरह नक्सलियों के सालाना सबसे बड़े आय तेंदूपत्ता ठेकेदारों से वसूली के लिए नक्सली संगठन बॉर्डर वाले इलाके में फिर से सक्रिय होने का प्रयास कर रहे हैं।*

### मुठभेड़ स्थल से दो हथियार बरामद

*महाराष्ट्र फोर्स के साथ हुए मुठभेड़ में घटनास्थल से एक स्वचालित हथियार इंसास और एक सिंगल शॉट रायफल, एक मैगजीन, कई जिंदा राउंड, डेटोनेटर, एक रेडियो, 3 पिट्ठू, डब्ल्यूटी चार्जर और बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य और सामान बरामद करते फोर्स ने नक्सली शिविर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है।*



## खबर संक्षेप



### यशस्वी का सुयश

**हरदी।** सृजन उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी की छात्रा यशस्वी नेताम ने 5वीं बोर्ड परीक्षा में 94% अंक के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है। यशस्वी योग प्रशिक्षक भोजराम नेताम की पुत्री है। प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई दिया है।

### उपासना ने 10वीं और प्रीतम ने 12वीं में मारी बाजी



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में 10 वीं की परीक्षा में 85.7 तथा 12वीं के 96 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। कक्षा 10वीं में उपासना साहू आ चुरामन साहू ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सुषमा सुधाकर ने द्वितीय तथा दामिनी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय का परिणाम 85.7 प्रतिशत रहा। कला संकाय के प्रीतम पिता तोरणलाल ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, विज्ञान संकाय में माही पिता राजूलाल ने द्वितीय तथा ओझल देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य आरके देवांगन, व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, बिंदु साहू ने बधाई दी है। यह जानकारी व्याख्याता अजय पाठक ने दी।

### समर कैम्प का आयोजन

**डोंगरगांव।** पीएमश्री प्राथमिक शाला बोधीटोला में सोमवार को जिलाधीश एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में आयोजित समर कैंप का शुभारंभ पार्षद दुर्गा रामटेके ने किया। पहले दिन बच्चों को संगीत, फूलों की माला पिरोना, योगाभ्यास, कबाड़ से जुगाड़ सिखाया गया। यह आयोजन सहायक शिक्षक महेश्वरी डहरे के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान देवेन्द्र किशोर साहू, पूनाराम कन्नौजे, नीता अहीर एवं इंदु साहू उपस्थित थी।



### फिर गंदगी फैलाने लगे व्यापारी

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रयास में लगी है वहीं दुकानों से निकलने वाले कचरे को व्यापारी लापरवाही पूर्वक सड़कों एवं नाली में फेंक रहे हैं। गोल बजार में कचरे क ढेर और बजबजाती नाली से लोगों को परेशानी होने लगी है। डस्टबीन की कमी और सड़क, नाली की सफाई नहीं होने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। गोल बजार के आसपास धार्मिक स्थल एवं रिहायशी इलाको के आसपास कचरे का ढेर लगने लगा है।



### साधकों ने मनाया गुरू का अवतरण दिवस

**डोंगरगढ़।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज का जन्मदिन डोंगरगढ़ मंडल ने संस्कृति जागरण महोत्सव के रूप में मनाया। साधकों ने सर्वप्रथम विभिन्न अस्पतालों में जाकर फल वितरण कर मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर गुरुवर के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। माता की आरती के पश्चात सभी साधक गौ माता का पूजा करने पहुंचे। तत्पश्चात खेमुका निवास में साधकों ने महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया। सभी साधकों ने इस वर्ष वृहद पौधरोपण करने का संकल्प लिया। सभी साधकों ने मिशन के संयोजक गोपाल खेमुका तथा प्रधान एनआर देवांगन के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, श्रीराम कृपा हॉस्पिटल, बाफना हॉस्पिटल में फल वितरण किया। इस दौरान द्वारका शर्मा, हेमंत साहू, बालाराम साहू, आरन सिंह ठाकुर, हंसराज साहू, मंथिर साहू, जगीन चंद्रवंशी, मनोहर साहू, चंद्रमोहन, हिरवानी, विश्वनाथ यादव सहित अन्य मौजूद थे। वीडियो भक्ति सत्संग के पश्चात आरती की गई।



### कबड्डी लीग स्पर्धा 16 से

**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव कबड्डी प्रीमियर लीग 2025 सीजन 2 का 3 दिवसीय आयोजन मड़ियान में 16 से 18 मई तक आयोजित है । जिला एवं ब्लॉक कबड्डी संघ डोंगरगढ़ एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग में होगी। सरपंच टुम्मन मंडावी ने बताया कि उद्घाटन 16 मई खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य और सांसद संतोष पांडेय की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भरत वर्मा होंगे। कार्यक्रम में कोमलसिंह राजपूत, अशोक चौधरी, सचिन बघेल, मनोज कांडे, प्रशांत कोडापे, रामाधार ओझा, लता सिन्हा शामिल होगी। जिले के कबड्डी प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील ब्लॉक कबड्डी संघ ने की है।

### लाखों के हेराफेरी पर कार्रवाई कुछ भी नहीं

# विवादित संग्रहण केन्द्र का खुला ताला, दागियों को मिला प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छह साल पहले धान संग्रहण केन्द्रो में मार्कफेड के अधिकारियों की मिलीभगत से धान की हेराफेरी का मामला सामने आया था। राईस मिलरों और भाजपा नेताओं की शिकायत के बाद अधिकारियों की उपस्थिति में की गई जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई थी। इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई और अब 6 साल से बाद धान संग्रहण केन्द्रो को पुनः शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार इन केन्द्रों को शुरू करने में भाजपा के बड़े नेता की अहम भूमिका है।

उल्लेखनीय है कि मई 2019 में ब्लाक के 3 धान संग्रहण केन्द्रो की जांच में 6900 बोरा धान अधिक होने का मामला प्रकाष में आया था। राईस मिलरो को दिए जा रहे धान में पानी डालकर वजन बढ़ाने की शिकायत राइस मिलरों किया था। तत्कालीन कलेक्टर के आदेष पर कलकसा धान संग्रहण केन्द्र में की गई जांच में धर्मकांटा में गड़बडी होने का खुलासा हुआ था। वहीं धान की छल्ली से अच्छे धान को गायब कर खराब किस्म के धानों को जमा करने की बात भी सामने आई थी। भाजपा नेता शशिकांत द्विवेदी के अधिकारियों से जांच कराने पर 65 लाख की गडबड़ी सामने आई थी। छल्लियों की जांच में सैकड़ो बोरा धान निम्न स्तर का पाया गया। इस तरह की शिकायत कलकसा के अलावा घोटिया, ठेलकाडीह से भी आई थी। तत्कालीन कलेक्टर जेपी मौर्य ने एमडी मार्कफेड को पत्र लिखकर एक सप्ताह के भीतर जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

## अब सवालों के घेरे में भाजपा नेता



### धान में पानी डालने का खुलासा

भाजपा नेता शशिकांत द्विवेदी ने धान संग्रहण केन्द्र में सूखत से बचने पाईप से छल्लियों में पानी छिडकाव करने का वीडियो वायरल किया था। वहीं जांच में अच्छे धान को बदलकर निम्न स्तर के धान जमा करने का भी खुलासा हुआ था। मार्कफेड के तत्कालीन के डीआर धन्नूराम ठाकुर ने गड़बड़ी पुष्टि करने के बाद एमडी मार्कफेड एवं कलेक्टर को देकर कार्यवाही होने की बात कहा था।

### मिलर्स को कम धान

जानकारी के अनुसार राईस मिलर्स को बड़े पैमाने पर कम धान देने की पुष्टि हुई थी। शिकायत की जांच अधिकारियों एवं आरोपियों ने राईस मिलरो को होने वाले नुकसान की दबाव में भरपाई कर दिया था। वहीं शासन का हुए नुकसान का मामला दब गया। अब उक्त धान संग्रहण केन्द्र को पुनः खोलना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### गड़बड़ी की पुष्टि

फूड इंस्पेक्टर मनीश कुमार ने डीआर के माध्यम से की गई जांच की रिपोर्ट एमडी मार्कफेड को सौंपा था, जिसमें 65 लाख की गड़बड़ी होने की पुष्टि किया था। लाखों की गड़बड़ी का खुलासा होने के छह साल बाद भी कार्रवाई नही हुई बल्कि विवादित धान संग्रहण केन्द्र को पुनः खोल दिया गया है। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई होना चाहिए था वह प्रभारी के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं।

### और भी गड़बड़ी

कलकसा धान संग्रहण केन्द्र में हमालों की मजदूरी, सुरक्षा व्यवस्था, लाईट खरीदी आदि की आड़ में फर्जीवाड़ा किया गया था। छह साल पहले शिकायत होने पर कार्रवाई नहीं होने के बाद भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को कठघरे में खड़े किया था किन्तु अब दागियों को पुनः पदस्थ करने को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि सवालों के घेरे में आ गए हैं।

## बुजुर्ग की जमीन पर कब्जा शिकायत पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



- इस दफ्तर से उस दफ्तर चक्कर काट रहा बुजुर्ग
- नहीं मिल रहा आवास योजना का लाभ

वार्ड 15 निवासी सनेरूद्दीन पिता महरूम तजरूद्दीन बुढापे में अपनी मालिकाना हक जमीन पर हो रहे कब्जा को रोकने के लिए दफ्तर दर दफ्तर चक्कर काट रहा है। लगातार कोशिश के बाद भी उसे कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है जिसके चलते उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार जमीन के लिए सनेरूद्दीन नगर पालिका अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर आदि को आवेदन दे चुका है। आवेदन देने के बाद न्यास मिलना तो दूर उसे अब कब्जा करने वाले धमकाने चमकाने लगे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही वह सुषासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शिकायत करने गए थे। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने जमीन का नाप कराने की बात कहते हुए शिकायती पत्र लेने से इंकार कर दिया साथ ही उसे शिविर से भगा दिया।

### कोई नहीं सुन रहा गुहार

जानकारी के अनुसार न्याय की गुहार लगाते बुजुर्ग ने नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे से मुलाकात कर अपनी बातों को रखा था। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया भी था किन्तु प्रशासन कब्जा करने वालों को संरक्षण देते हुए गरीब बुजुर्ग के साथ अन्याय कर रहा है। परेशान और हताश होकर बुजुर्ग अब आत्महत्या करने जैसा आत्मघाती कदम उठाने की बात कहना लगा है।

### सीतागांव में 16 को समाधान शिविर

**मोहला।** सुशासन तिहार अंतर्गत पानाबरस में 16 मई को आयोजित समाधान शिविर की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। अब इस तिथि पर सीतागाँव में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। संशोधित तिथि के अनुसार अब पानाबरस में 19 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत पेंढाकोड़ो में 19 मई को आयोजित होने वाला शिविर अब 20 मई को आयोजित किया जाएगा।

## परिणाम रहा उत्कृष्ट 10वीं में कोमल प्रथम

**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में कक्षा 10 वी और 12 वी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। दसवीं में कोमल पटेल ने 89.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय द्रौपती पाल 87 प्रतिशत, तृतीय खुशी जंघेल 82 प्रतिशत तथा चतुर्थ स्थान काजल 80 प्रतिशत ने हासिल किया। परीक्ष में शामिल 80 में से 30 प्रथम तथा 24 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

इसी प्रकार बारहवीं में पोषण कला संकाय 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय विशेष कुमार जंघेल, तृतीय नीलम वर्मा वाणिज्य संकाय तथा चतुर्थ स्थान वाणिज्य संकाय की नीलम यादव 83 प्रतिशत ने प्राप्त किया। परीक्षा में शामिल 115 में से 77 प्रथम तथा 27 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उत्कृष्ट परीणाम आने पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव, महेश जैन, मनोज जंघेल, विरेन्द्र जंघेल, नंदू प्रजापति, तेज बहादुर, प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेद कुमारी पाली, पारस मणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल ने छात्रों को बधाई दी है।

## पैरावट सहित मकान जलकर हुआ राख



**सड़क अतरिया।** ग्राम विचारपुर में सोमवार की सुबह एक किसान के पैरावट में आग लग गई जिसमें कच्चा मकान भी जलकर राख हो गया। जानकारी अनुसार विचारपुर निवासी मनहरण वर्मा के पैरावट में सुबह ग्रामीणों ने धुआं निकलते देखा। जाकर देखने पर पता चला कि पैरावट पर आग लग गई है। जब तक ग्रामीण कुछ कर पाते आग तेजी से फ़ैलने लगी और कृषक के कच्चे मकान तक पहुंच गई। उपस्थित लोगों ने तत्काल सूचना फायर ब्रिगेड की दिया। दो दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## समर कैम्प में बच्चे सीख रहे 3डी प्रिंटिंग सहित अन्य विधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सोमवार को समर कैंप आरंभ हुआ। समर कैंप में बच्चे विभिन्न विधाओं में निपुण होने हेतु ट्रेनिंग ले रहे है। यहां क्विज, वाद - विवाद, हेल्थकेयर, कम्प्यूटर, ब्यूटीशियन, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट की ट्रेनिंग बच्चों को दी जा रही है।

खेल में रुचि रखने वाले बच्चों को बैडमिंटन, कैरम, चेस, क्रिकेट, वॉलीबॉल का अभ्यास कराया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों ने पहले दिन 3 डी प्रिंटर को जाना और समझा। आगे बच्चे 3 डी प्रिंटर को चलाना सीखेंगे। इसी कड़ी में रोबोटिक्स और ड्रोन बनाना भी बच्चों को सिखाया जाएगा। अटल टिकरिंग लैब प्रभारी संदीप वर्मा ने बताया कि समर कैंप में विभिन्न विधाओं को सिखाने के लिए शिक्षकों के अलावा विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया है। अटल टिंकरिंग लैब में इलेक्ट्रॉनिक्स टूल्स, मैकेनिकल टूल्स, संेसर्स, मोटर्स, रोबोटिक्स टूल्स, ड्रोन, टेलिस्कोप, इंटरनेट जैसी सुविधाएं हैं जिससे बच्चों को प्रैक्टिकल कर सीखने में मदद मिलती है।



### सिद्धार्थ बुद्ध विहार में त्रिशरण का पाठ

# बुद्धं शरणम गच्छामि, लोगों ने श्रद्धा के साथ मनायी बुद्ध जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दुनिया को शांति, करूणा और मानवता का संदेश देने वाले बुद्ध की जयंती सोमवार को उनके अनुयायियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया। स्थानीय सिद्धार्थ बुद्ध बिहार में सुबह प्रतिमा के समक्ष अगरबत्ती और मोमबत्ती प्रज्वलित करने के बाद पंचशील और त्रिशरण का पाठ किया गया। इसी कड़ी में संविधान वेत्ता डां बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित किसा गया। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध अनुयायियों ने भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षा और आत्मज्ञान की भावना को स्मरण किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बीरेंद्र बोरकर, संजय भिमटे, वैशाली बोरकर, श्याम सुंदर लाऊत्रे, रजनीश गजभिए, प्रेमलाल मेश्राम, जीवनलाल रामटेके, राष्ट्रपाल गजभिए, रमेश रामटेके, विकास बारसागढे, अंजू सोनटेके, भूपेन्द्र खोबरागढ़े, रेखा लाऊत्रे, सालिकराम कोचे, मुक्ता बोरकर, राधिका गजभिए, विकास खोब्रागढे, सुरेश दरवाड़े, अश्विन दरवाड़े, नूपुर बारसागढ़े, प्रेमा शेंडे, करुणा गजभिए, किरण मेश्राम, देवला सोनटेके, सरोज उइके, शीतल, संतकला, मुन्नी शेंडे, माधवी मेश्राम, वैभव बोरकर, देवेंद्र सोनटेके, शशांक, किलेंद्र तेभुरकर, काजल उके आदि मौजूद थे।




### बुद्ध पूर्णिमा मनी

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में बुद्ध जयंती श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। कई घरों में हवन पूजन कर बुद्ध को नमन किया गया। लोगों ने गौतम बुद्ध के मानव कल्याण के लिए किए गए कार्यों का स्मरण किया।

## बेरोकटोक चल रहा सट्टा3 छुटपुट कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- ऑन और ऑफलाइन चल रहा कारोबार



गंडई पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लिखते गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने महामाईपारा निवासी सलमान अली उर्फ बाबुखान उम्र 31 वर्ष को सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो मोबाइल, एक सट्टा पट्टी, एक पेन और 3105 रुपए बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा आरोपी के मोबाइल की जांच करने पर व्हाट्सएप में अंको और शब्दों में सट्टा लिखा पाया गया। पूछताछ में आरोपी सलमान ने बताया कि वह पिछले छह महीने से सट्टा मटका नामक सट्टा चला रहा है। उसने यह भी बताया कि सट्टा खेलने वाले लोग उसके और उसकी पत्नी के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर करते हैं और जीतने वाले को भी खाते से ही भुगतान किया जाता है।

### अंबागढ़ चौकी से कनेक्शन

आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बचे हुए पैसे अंबागढ़ चौकी निवासी रज्जाक खान को देता है, जो राजनांदगांव से आकर राशि ले जाता है। गौरतलब है कि इससे पहले भी गंडई निवासी एक व्यक्ति को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। सूत्र बताते है कि सट्टे का कारोबार गंडई के कई जगह चल रहा है। पंडरिया वार्ड 4 में भी सट्टे का कारोबार लुकछुप कर किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6, 7 और 8 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# एआई की उपयोगिता पर दिया मागदर्शन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, कला संकाय प्रमुख डॉ. आशा चौधरी एवं आईक्यूएससी प्रभारी डॉ आरआर कोचे के निर्देशन में आयोजित फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम अंतर्गत दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष राजू खूटे शामिल हुए। शुभारंभ और स्वागत के बाद श्री खुटे ने शोध के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता विषय पर कहा कि मनुष्य ही कंप्यूटर के कार्यो को अंतिम प्रमाणिकता देता है क्योंकि मनुष्य कम्प्यूटर का निर्माता है। कम्प्यूटर मानव निर्देशों से ही कार्य करता है। एआई कम्प्यूटर सिस्टम का एडवांस रूप है। एआई का उपयोग, विस्तार, क्षेत्र, चुनौतियां एवं मानव जीवन पर प्रभाव तथा रिसर्च के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में नीलम चतुर्वेदी, ओपी वर्मा, डॉ नौशीन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़यिा, नीलम सिन्हा, डॉ सपना परिहार, अंजलि देवांगन, ऋचा अग्रवाल, रोशन साहू, रणविजय देवांगन, देवश्री देवांगन, डॉ. निर्वेद शर्मा, डॉ. गोकुल प्रसाद आदि उपस्थित थे।





### शिकायत के बाद भी भूमाफियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं

# अफसरों और भूमाफिया की सांठगांठ, वन और राजस्व भूमि की धड़ल्ले से रजिस्ट्री

## राजस्व एवं पालिका के अधिकारियों के संरक्षण में खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत छग राज्य की स्थापना के बाद पिछले 25 साल में डोंगरगढ़ शहर के अलावा के आसपास के गांवों में की करोड़ों की जमीन पर अतिक्रमण के साथ ही पूरी सरकारी जमीनों पर कब्जा किए जाने की शिकायतें सामने आने के बाद भी भू-माफियाओं के खिलाफ आज पर्यन्त तक कार्रवाई नहीं हुई है। राजस्व और वन भूमि की न सिर्फ रजिस्ट्री हो रही है, बल्कि दस्तावेजों में कूटरचना कर बकायदा नाम भी अंकित किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार धर्मनगरी में सरकारी घास भूमि, वन भूमि के साथ-साथ नजूल की जमीन में भू-माफियाओं द्वारा लगातार कब्जा किया जा रहा है। पिछले पांच सालों में करीब 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन की रजिस्ट्री हो चुकी है। 2020 से 2025 तक राजस्व विभाग के पदस्थ अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी की भूमिका एवं संरक्षण में यह खेल हुआ है। बताया जा रहा है कि तत्कालीन संबंधित विभाग के अधिकारियों की संपत्ति भी इस अवैध कारोबार से खड़ी हुई है। शहर के कई क्षेत्रों में तत्कालीन अधिकारी-कर्मचारियों की जमीन व मकान भी रिश्तेदारों के नाम से होना बताया जा रहा है।

### पूर्व कलेक्टर ने की थी कार्रवाई

तत्कालीन एसडीएम जयप्रकाश मौर्य ने सेंट पैलोटी स्कूल में शासकीय भूमि पर किए गए कब्जा को खाली कराया था, किन्तु समय बीतने के साथ-साथ उक्त लाखों रुपए की सागौन की लकड़ी जमीन से काट दिया गया और मामला में क्या कार्रवाई हुई, किसी को नहीं मालूम।



### लगातार शिकायतें, फिर भी कार्रवाई नहीं

तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष तरूण हथेल ने बधियाटोला स्थित शासकीय जमीन के अलावा काली मंदिर के अलावा नजूल की 7 एकड़ जमीन, भंडारी बाडी से लगी 4 एकड़ जमीन का मामला उठाया था। नेहरू महाविद्यालय के आसपास हाईटेक बस स्टैंड की मिली स्वीकृति और वन भूमि पर कब्जा का मामला सामने आने के बाद उक्त जगह के निर्माण की स्वीकृति भी रद्द होना, इस खेल में चल जमीनों के कब्जों का भंड़ाफोड किया था।

### सरकारी प्रोजेक्ट के लिए अब जमीन नहीं

जिस हिसाब से सरकारी एवं नजूल की जमीन पर कब्जा हुआ है, आने वाले समय में शासन की योजना के अनुरूप सरकार के पास निर्माण कार्य करने जगह भी मिलना संभव नहीं है। 2019-20 के दौरान तत्कालीन जनप्रतिनिधियों ने डोंगरगढ़ के विकास को नए आयाम से जोड़ने सर्वसुविधायुक्त बाजार मंडी, हाईटैक बस स्टैंड, जिला अस्पताल की तर्ज पर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने की योजना की प्रक्रिया भी शुरू की थी, किन्तु रसूदखोर लोगों द्वारा बड़े झाड़ के जंगलों में अवैध कब्जा होने के कारण राजनीतिक दबाव के चलते 7 साल के अंदर पूरी योजना का बंठाधार हो गया है।

### दस एकड़ वन भूमि में कब्जा

वर्तमान में प्रदेश के भाजपा नेता ने वन भूमि के 10 एकड़ की भूमि के कब्जा का मामला सामने लाया है। जिसकी जांच को लेकर स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों के हाथ-पैर भी फूल गए हैं। अछोली, बगदईपारा, करवारी, ऊपर मंदिर, छिरपानी, कुर्रूभाठ एरिया शहर के सिंघोला तालाब, थाना के पीछे कब्रिस्तान क्षेत्र, भुरवाटोला वर्तमान में बना नेहरू महाविद्यालय, खैरागढ़ रोड पर स्थित केदारबाड़ी एवं पटेल वार्ड से लगा नाला क्षेत्र बुधवारी मस्जिद के पीछे शासकीय नाला खालसा स्कूल के पास नाला क्षेत्र, इंदिरा कालोनी नगर क्षेत्र, 144 केव्ही खैरागढ़ रोड़ में लगभग 40 से 50 एकड़ जमीन पर कब्जा भी हो चुका है और निर्माण भी।

# दो साल से ग्रामीण नल से पानी आने की आस में, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने में जल जीवन मिशन दम तोड़ती नजर आ रही है। क्षेत्र में शायद ही ऐसा कोई गांव हो जो इस योजना से सभी घरों को पेयजल उपलब्ध कराने में कामयाब हो रहा है। बेलगांव, जोम, पंडरिया, चकनार, अतरिया सहित कई ऐसे गांव हैं, जहां लाखों रूपए योजना के तहत खर्च करने के बाद में पेयजल का संकट गंभीर हो गया है।

ग्राम पंचायत मानपुर नाका के ग्रामीण बीते दो साल से इस आस में है, कि गांव में नल जल योजना शुरू होगा और उनके घर भी नल से पानी आयेगा। पर ग्रामीणों की उम्मीद एक सपना बन कर रह गया है। इस गांव में लगभग दो साल पहले नल जल योजना के माध्यम से सभी घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य शुरू किया गया था, जो आज भी अधूरा पड़ा है। तेज गर्मी और गिरते भूजल स्तर की स्थिति में ग्रामीण पेय एवं निस्तारी जल की समस्या से हलाकान हो गए है। गांव के इंदिरा आवास मोहल्ले में रहने वाली धीरजा बाई नेताम ने बताया कि गांव के इस मोहल्ले में करीब पचास घर निवासरत है। जिनके पेय एवं निस्तारी जल की कोई व्यवस्था नहीं है। एक हैंडपम्प के भरोसे पूरा मोहल्ला जीवन यापन कर रहा है। इसी मोहल्ले में ही जल जीवन मिशन की पानी टंकी बनी हई है। कुछ घरों तक पाईप लाईन का विस्तार और घरों में नल लगा हुआ ह, पर किसी भी घर में पानी नहीं आता है। समस्या को देखते हुए पंचायत द्वारा हैंडपम्प में मोटर पम्प लगाया है। जिसके पानी को ले जाने दो, तीन सौ मीटर का तक का सफर तय करना पड़ता है। सुबह और शाम पानी के लिए लोगों की लम्बी कतार लगी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की लम्बाई लगभग आधा किलोमीटर है। जिसके एक छोर में पानी टंकी का निर्माण किया गया है तथा दूसरे छोर में योजना का बोर है। इस बोर से कुछ घरों को ही पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।



### पाईप लाइन से केवल सौ घर ही पानी पहुंच रहा

ग्राम पंचायत के सरपंच बोधन मेरावी ने बताया कि योजना तहत पानी टंकी का निर्माण और पाईप लाईन का विस्तार कार्य दो साल से अधूरा पड़ा है। गांव के 3 सौ घरों को पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, पर निर्माण अधूरा होने से डायरेक्ट बोर से लगभग सौ घरों को ही पानी मिल पा रहा है। दो सौ घर योजना से नहीं जुड़ पाया है।

### लाखों की टंकी काम की नहीं

पंडरिया, जोम, मानपुर, कुकुरमुडा सहित कुछ पंचायत में साल भर से बनी लाखों की टंकी गंभीर समस्या की स्थिति पर भी मुख दर्शक खड़ी है। कही टंकी लिंकेज तो कही पाईप लाईन में गड़बड़ी की समस्या बताया जाता है। ग्राम पंचायत पंडरिया में भी टंकी लिकेज की समस्या होने पर डायरेक्ट पाईप लाईन से पानी सप्लाई किया जा रहा है।

# समाज का गौरव है चांदनी : घम्मन



**खैरागढ़।** ब्लाक के टोलागांव स्थित रानी रश्मिदेवी शासकीय हाई स्कूल की छात्रा चांदनी साहू पिता विष्णु साहू को कक्षा दसवीं मे 95.83 प्रतिशत के साथ जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे गांव को गौरवान्वित किया है। चांदनी की इस उपलब्धि पर पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू उसे और उसके पूरे परिवार को घर पहुंच कर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि साहू समाज के लिए बहुत गौरव की बात है कि एक बेटी ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्वयं की लगन व मेहनत से आज अपना एक मुकाम हासिल किया है। शिक्षा के क्षेत्र में वह ऐसे ही सतत आगे बढ़ती रहे। गौरतलब है कि बीते बीस सालो से घम्मन साहू अपने गृह ग्राम में शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के बच्चों को मेरिट मे आने अथवा शाला मे क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने पर प्रोत्साहित करने सिल्वर मेडल देकर सभी बच्चों को सतत शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित कर रहे हैं। यह बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार और उन्हें प्रोत्साहित करने का अल्कल्पनीय कार्य हैं। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विष्णु दास साहू, पूर्व अध्यक्ष नारायण दास साहू, पूर्व अध्यक्ष संतराम साहू, ओम प्रकाश साहू, बृजेश साहू, गीता साहू, योगेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# संसदीय शासन प्रणाली पर दिया मार्गदर्शन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, कला संकाय प्रमुख डॉ. आशा चौधरी एवं आईक्यूएससी प्रभारी डॉ आरआर कोचे के निर्देशन में फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम अंतर्गत गत दिनों नवीन महाविद्यालय अर्जुनी की प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर शामिल हुई। स्वागत के बाद डॉ. ठाकुर ने संसदीय शासन प्रणाली पर व्याख्यान देते हुए बताया कि यह प्रणाली ब्रिटेन से ली गई है। स्वतंत्रता के बाद देश के सुचारू संचालन के लिए एक व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की गई इस तारतम्य में संविधान निर्माण किया गया जिसमें संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया। अंत में प्राचार्य ने वक्ता डॉ. ठाकुर को सम्मानित किया। इस मौके पर ओपी वर्मा, डॉ.नौशीन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़यि, नीलम सिन्हा, डॉ सपना परिहार, अंजलि देवांगन, ऋचा अग्रवाल रोशन साहू, प्रभात बैस, डॉ गोकुल प्रसाद, रणविजय देवांगन, डॉ निर्वेद शर्मा, देवश्री देवांगन आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ आशा चौधरी ने किया।

# रेवा महोत्सव में गायत्री विद्यापीठ अव्वल



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ की कक्षा 12वीं की छात्रा पलक सोनी ने जबलपुर में आयोजित रेवा महोत्सव में गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष उषा झा के अनुसार इस प्रतियोगिता में छात्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। गायन के क्षेत्र में आरंभ से ही अव्वल छात्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता विक्रम सोनी एवं रोशनी सोनी के साथ-साथ शाला के संगीत शिक्षक प्रशांत कुशवाहा एवं दिनेश साहू को दिया है। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरणजीत सिंह टूटेजा समेत अन्य ने शुभकामनाएं दी।

# दिल्ली के मंच पर गंडई का दम

- बॉडी बिल्डर हेमन्त मरकाम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम, जीता दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



गंडई के एक युवा बॉडी बिल्डर हेमन्त मरकाम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित नेचुरल बॉडी बिल्डिंग शो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए हेमन्त ने दूसरा स्थान हासिल कर न केवल गंडई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

यह दो दिवसीय प्रतियोगिता, जो 10 और 11 मई को दिल्ली में आयोजित की गई थी, इसमें देश भर से 200 से अधिक बॉडी बिल्डिंग के दिग्गजों और उभरते हुए सितारों ने भाग लिया था। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, हेमन्त मरकाम ने अपनी बेहतरीन फिजिक और दमदार प्रदर्शन से जजों और दर्शकों को प्रभावित किया। अंततः, उन्होंने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान अपने नाम कर लिया। हेमन्त की इस शानदार उपलब्धि से गंडई में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली, लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। उनके शुभचिंतकों और प्रशंसकों ने उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा की सराहना की। यह कोई पहली बार नहीं है जब हेमन्त मरकाम ने बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। इससे पहले भी उन्होंने विभिन्न राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर गंडई का नाम रोशन किया है। उनकी यह नवीनतम जीत उनकी लगातार मेहनत और जुनून का प्रमाण है। हेमन्त की इस सफलता ने क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रेरित किया है जो खेल और फिटनेस के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। हेमंत का मानना है कि लगन और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# मिशन जल रक्षा जैसे प्रयास जिले के लिए सार्थक पहल सिद्ध होंगे : रमन

- समाधान शिविर में विस अध्यक्ष ने मॉडल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मिशन जल रक्षा के तहत किए जा रहे परकोलेशन टैंक एवं इंजेक्शन वेल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने परकोलेशन टैंक एवं इंजेक्शन वेल कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली और जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष ने संरचनाओं का अवलोकन कर स्थानीय ग्रामीणों एवं अधिकारियों से संवाद करते कहा कि अब केवल जल का उपयोग पर्याप्त नहीं है। हमें जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में भी सतत प्रयास करते रहना होगा। यह अभिनव तकनीक का मॉडल दर्शाता है कि राशि के सही उपयोग एवं तकनीकी माडल पर प्रयास किए जाएं तो इस प्रकार की संरचनाएं आने वाले समय में जल संकट से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि तकनीकी नवाचार के साथ जनसहभागिता से जल संकट के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जल संरक्षण की नवीन तकनीक कारगर साबित हो रही है। मिशन जल रक्षा के तहत विभिन्न आयामों में कार्य किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि ग्राम टेड़ेसरा में नेशनल हाईवे के पास निर्मित परकोलेशन टैंक में एक विशेष तकनीकी व्यवस्था की गई है। जिसमें हाईवे के क्रॉस ड्रेनेज से आने वाला वर्षा का जल संग्रहित कर एक साथ के माध्यम से परकोलेशन टैंक तक लाया जाता है। यहां यह जल फिल्टर होकर इंजेक्शन वेल के माध्यम से सीधे भू-गर्भीय जल स्तर को पुनः रिचार्ज करता है। इस व्यवस्था के माध्यम से न केवल वर्षा जल का संरक्षण संभव हुआ है, बल्कि सूखते जल स्रोतों को भी पुनर्जीवित करने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से हाल ही में जिले में 46 नए स्थानों पर बोर खनन हेतु प्राधिकरण मद से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन बोरवेलों के साथ-साथ इंजेक्शन वेल की सम्मिलित डिजाइन तैयार की गई है। जिससे न केवल जल का दोहन हो, बल्कि निरंतर भू-जल रिचार्ज भी सुनिश्चित किया जा सके। यह तकनीक उन भूगर्भीय स्थलों से जुड़ती है, जो पहले जल से परिपूर्ण थे, परंतु निरंतर उपयोग के कारण अब रिक्त हो चुके हैं। ड्रिलिंग मशीन की सहायता से ऐसे स्थानों तक पहुंचकर फिल्टर मीडिया के माध्यम से जल को शुद्ध कर सीधे भू-जल स्तर तक पहुंचाया जाता है।

### छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष अंसारी ने सरगुजा संभाग का किया दौरा

# छग हॉकी के विकास के लिए विश्रामपुर में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विश्रामपुर के एसईसीएल सामुदायिक भवन कालोनी में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अगुवाई में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रदेश में हॉकी खेल के विकास को गति देना था। बैठक में सरगुजा संभाग के पांच जिलों सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और जशपुर के हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिनमें संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करना प्रमुख है। साथ ही सभी पंजीकृत खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक वितरित की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रत्येक जिला संघ को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा सरगुजा और सूरजपुर जिलों में खेलों इंडिया हॉकी सेंटर की स्थापना के लिए पहल की जाएगी।

बैठक के दौरान विगत वर्ष की हॉकी गतिविधियों की समीक्षा की गई और आने वाले समय के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। इसमें वार्षिक हॉकी कैलेंडर का निर्धारण और खेल के सुधार से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा शामिल रही। राज्य स्तरीय महिला एवं पुरूष हॉकी चैम्पियनशिप आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

हॉकी संघ ने निर्णय लिया कि खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु ग्रास रूट हॉकी प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। जिससे उभरते खिलाड़ियों को मंच मिलेगा। अध्यक्ष अंसारी ने कहा कि जैसे अब तक सभी मिलकर कार्य करते आए हैं, वैसे ही आगे भी एकजुट प्रयासों से छत्तीसगढ़ की हॉकी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। बैठक में अनुपम फिलिप, रामबहादुर लांबा, कमल कुमार मंडल सवाई नरसिह नारायण, साजि उमर, ऐंथ्रेन्स एक्का, नॉर्बर्ट तिर्की, दीपक खाखा, नरेश तिर्की, दाखिल लकड़ा, स्टीफन कुजूर, आशीष दावरे, इंशु अहमद, राघवेंद्र प्रताप, वीर कुजूर, अल्फांशो एक्का, विशाल दिप टोप्पो, राजेश सिंह, मोहम्मद अशफाक, संदीप कुमार लकड़ा, रोनित मिंज, डेनिश मिंज आदि उपस्थित थे। बैठक पश्चात अम्बिकापुर में फिरोज अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी ने हॉकी मैदान जाकर खिलाड़ियों से मुलाकात कर ग्राउंड का निरीक्षण भी किया।

### हॉकी को मिलेगा नया जीवन

पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं सरगुजा हॉकी संघ के अध्यक्ष टीएस सिंहदेव से उनके निवास में हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के अगुवाई में हॉकी संघ के सचिव सचिव राजेश सिंह, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शफी, अनुपम फिलिप तथा हॉकी संघ के अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात की। बैठक में सरगुजा संभाग में हॉकी खेल के विकास को लेकर गंभीर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान श्री सिंहदेव ने कहा कि सरगुजा संभाग मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एस्ट्रो टर्फ मैदान की पूर्व में की गई मांग को एक बार फिर सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि हॉकी जैसे लोकप्रिय खेल को प्रोत्साहित करने हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में स्थानीय स्तर पर हॉकी टूर्नामेंट्स, प्रशिक्षण शिविर और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने योजनाओं पर भी चर्चा हुई। यह पहल क्षेत्र में हॉकी को एक नई दिशा देने की संभावना रखती है।

# सुशासन तिहार से प्रदेश में आई प्रशासनिक कसावट

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार से प्रदेश में प्रशासनिक कसावट आई है। जिले सहित प्रदेश में चल रहे तीसरे चरण के सुशासन तिहार से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार की सब तरफ वाहवाही हो रही है। उक्त बातें कहते वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार से प्रशासनिक कसावट आ चुकी है। वहीं जिले सहित प्रदेश की जनता का काम शीघ्रता और आसानी से हो रहे हैं। पिछले 5 साल में कांग्रेस की सत्ता रहने के दौरान जनता के कामकाज में विलंब होता था। जनता को अपने कामकाज के लिए दफ्तरों के चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ते थे। आज जाना - कल आना कर उन्हें लौटा दिया जाता था। रिश्वतखोरी जमकर हो रही थी। जनता को समय और धन बहुत गंवाना पड़ता था। विष्णुदेव साय के सुशासन में बहुत से कम अपने मोहल्ले, अपने गांव के शिविर तथा घर बैठे होते देख रहे हैं। इससे मोदी की गारंटी भी सच हो रही है और विष्णुदेव साय के सुशासन का भी सपना पूरा हो रहा है। जनता संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है। साथ ही संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है।

# विधायक ने किया जिले में प्रथम रैंक आने पर यामिनी का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम मे 97.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले मे पहला स्थान हासिल करने वाली छात्रा यामिनी निषाद से विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने मुलाकात कर प्रतीक चिंह से सम्मानित किया, बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रा की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि दसवीं व बारहवी परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि जिन बच्चो के अंक कम आए है उन्हे निराशा छोडक़र नए उत्साह के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी ताकि रिजल्ट अपेक्षा से बेहतर मिले। उन्होने बोर्ड परीक्षा पास करने वाले सभी बच्चो को जिले का स्वर्णिम भविष्य बताते हुए ऐसे ही परिश्रम लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल होने कहा। वही अपेक्षा अनुरूप परिणाम नहीं आने वाले बच्चो से कहा कि हतोत्साहित होने से बचे और दुगुने जोश से आगे कड़ी मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

## सार समाचार

### नांदगांव उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में निक्षय निरामय 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत राजनांदगांव जिले को नवीन पहल की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ. प्रियंका शुक्ला उपस्थित थे।



### परिवारों को मिली शौचालय की सौगात

**मोहला।** संवाद से समाधान के महापर्व सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनपद पंचायत अं. चौकी के चिल्हाटी कलस्टर में आयोजित समाधान शिविर ने ग्रामीण विकास और जनसरोकारों की दिशा में एक सार्थक कदम उठाया। इस शिविर में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत प्राप्त 520 आवेदनों पर विभागीय अमले ने मौके पर ही विस्तार से समाधान की जानकारी दी। जिससे ग्रामीणों को उनके आवेदन की स्थिति स्पष्ट रूप से समझ में आ सकी। साथ ही विशेष बात यह रही कि 137 पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र शिविर में ही तत्काल प्रदान किए गए। जिससे ग्रामीणों को प्रतीक्षा की मानसिक परेशानी से राहत मिली और शासन की तत्परता का संदेश भी सशक्त रूप से पहुंचा। इस त्वरित कार्रवाई ने शासन की संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति उसकी गंभीरता को स्पष्ट रूप से उजागर किया।

### स्काऊट, गाइड द्वारा प्याऊ घर का संचालन

**राजनांदगांव।** ग्राम सुकुलदैहान में स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्याऊ घर का सफल संचालन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष कैलाश सोनी राज्य सचिव उमेश हथेल जिला अध्यक्ष महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त के निर्देश पर राजनांदगांव जिला संगठन आयुक्त मयुख श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं श्रीमती सजीला झा प्राचार्य सेजेस सुकुलदैहान स्काउट प्रभारी कुलेश्वर प्रसाद साहू एवं गाइड प्रभारी शीला गुप्ता एवं शाला के सभी शिक्षकों के नेतृत्व में स्काउट्स एवं गाइड्स ने ग्राम सुकुलदैहान में 9 अप्रैल से 9 मई तक प्याऊ घर का सफल संचालन किया।




### समर कैंप में बच्चे सीख रहे संस्कार

**राजनांदगांव।** वर्तमान समय बच्चे बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं, जब भौतिकवाद के इस दौर में सुख-सुविधाओं का अंबार लगा हुआ है। सोशल मीडिया बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक क्षमता को कम कर रहे हैं। वहीं आज-कल माता-पिता इतने व्यस्त हो गए हैं कि बच्चों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। ऐसे समय में बच्चों को सब कुछ मिल रहा है, लेकिन नहीं मिल रहा है तो केवल अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य की बाते और दादा-दादी की वो सीख भरी कहानी। ऐसे समय में बच्चों के लिए संस्कारों की पाठशाला समर कैंप में आकर बच्चे इस पांच दिन में अच्छे अच्छे संस्कार सीख कर अपने जीवन को नैतिक मूल्य से सुसज्जित कर सकते हैं और जीवन में सफल हो सकते हैं। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने समर कैंप संस्कारों की पाठशाला के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता की बात मानना, अपने से बड़ों का सम्मान करना, सदा सत्य बोलना ये सबसे बड़ा नैतिक मूल्य है।



### कमला कॉलेज में 14 को समाधान शिविर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन एक माह से किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम चरण नागरिकों से समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त करने के पश्चात द्वितीय चरण में उसका समाधान कर आवेदकों के समस्याओं का समाधान बताने तृतीय चरण में निगम सीमाक्षेत्र के वार्डों में 5 से 31 मई तक सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बताएंगे तथा उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दिया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि समाधान शिविर की कड़ी में 14 मई को वार्ड नं. 20, 21, 22, 44 व 45 के लिए कमला कॉलेज में सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिए हैं। उनका समाधान बताया जाएगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा।

## निधन



### नीता शर्मा

**डोंगरगढ़।** आदर्श नगर निवासी पीएचई विभाग के सेवानिवृत्ति एसडीओ आरबी शर्मा की धर्मपत्नी नीता शर्मा 57 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को 11 बजे स्थानीय छीरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा। ब्राह्मण समाज ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते आत्मा की शांति की प्रार्थना की।



### गंभीरमल नाहटा

**राजनांदगांव।** कोहका निवासी गंभीरमल नाहटा उम्र लगभग 73 वर्ष का 12 मई को 10.35 बजे रायपुर में निधन हो गया। वे उत्तमचंद नाहटा खुज्जी निवासी के बड़े भाई, विनोद नाहटा कोहका निवासी के चाचाजी एवं डॉ. विकास कुमार जैन रायपुर निवासी एवं विनय जैन राजनांदगांव निवासी के पिताश्री थे।

## पृष्ठ 11 का शेष

### जंगली सूअर ने...

अस्पताल पहुंचाया गया : हमले की आहट सुनकर आसपास के खेत में काम कर रहे गंगाराम और कैलाश नामक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह गोवर्धन को जंगली सूअर से बचाया। तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई। जिसके माध्यम से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

---

### चिखली शराब दुकान के सामने प्रदर्शन, सुपरवाइजर को हटाने की मांग

# ओवर रेट पर बिक रही शराब, कोचियों को पीछे गेट से एंट्री, बसपा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के विभिन्न शराब दुकानों में मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। वहीं शराब दुकानों से ही कोचियों को बड़े पैमाने पर शराब बिक्री की जा रही है, जिसे देखते हुए बहुजन समाज पार्टी द्वारा जिला महासचिव शमसुल आलम के नेतृत्व में चिखली स्थित शराब दुकान का घेराव करते प्रदर्शन किया गया। वहीं चिखली शराब दुकान के सुपरवाईजर को तत्काल हटाने की मांग की गई।

पिछले कुछ महीनों से शराब दुकानों में अधिक मूल्य पर शराब बिक्री किए जाने का मामला सामने आ रहा है। शराब दुकानों में निर्धारित मात्रा से अधिक शराब देने और काउंटर की भीड़ से हटकर शराब लेने वालों को अधिक राशि लेकर शराब दी जा रही है। वहीं बड़े पैमाने पर कोचियों को भी पेटी-पेटी शराब बिक्री की जा रही है। इस मामले में बहुजन समाज पार्टी द्वारा सहायक आबकारी आयुक्त को शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होता देख आज बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चिखली स्थित शराब दुकान के बाहर जमकर प्रदर्शन करते अवैध शराब बिक्री और ओवर रेटिंग को लेकर नारेबाजी की।




#### कोचियों को दी जाती है शराब

शराब लेने चिखली शराब दुकान पहुंचे सिदूराम साहू ने बताया कि वह अक्सर यहां शराब लेने आते हैं। आम लोगों को यहां एक बोतल से अधिक शराब नहीं दी जाती है। वही यहां कोचियों को कई पेटी शराब खुलेआम दी जाती है। उन्होंने कहा कि शाम को जब हम शराब लेने पहुंचते हैं तो यहां तीन में से एक काउंटर को ही आम लोगों के लिए चालू रखा जाता है। वही दो काउंटर पर कोचिये को और ओवर रेट पर शराब दी जाती है। कभी एक बोतल से अधिक शराब मांगने पर अतिरिक्त पैसे मांगा जाता है।

#### दोयम दर्जे की व्यवस्था

शराब दुकानों पर आम लोगों के लिए अलग और कोचियों के लिए अलग व्यवस्था भी नजर आती है। अवैध शराब का कारोबार करने वाले कोचियों को सीधे एंट्री है। जबकि आम लोगों को लंबी कतार में चोरों और जेबकतरों से बचते हुए लाइन में खड़ा होना पड़ता है।

#### सुपरवाइजर के जरिये अवैध कारोबार

चिखली शराब दुकान का घेराव करने पहुंचे बहुजन समाज पार्टी के जिला महासचिव शमसुल आलम ने कहा कि ओवररेट पर शराब बेचकर लाखों-करोड़ों रुपए की हेराफेरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी इस मामले में शिकायत की जा चुकी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। वहीं चिखली शराब दुकान में पदस्थ सुपरवाईजर धनपद ध्रुव के जरिये इस अवैध कारोबार को अंजाम देने का काम आबकारी विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। उन्होंने सुपरवाईजर को तत्काल हटाने की मांग की है।

#### अधिकारियों की मिलीभगत

शहर में अवैध शराब कोचियों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। इन कोचियों को शराब आबकारी विभाग की मिलीभगत के बिना बड़े पैमाने पर नहीं मिल सकती है। कोचियों को बड़े पैमाने पर शराब देने का मामला लगातार सामने आता है। वीडियो भी वायरल होते हैं, लेकिन शराब दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखकर भी इस पर कार्रवाई नहीं की जाती है। इससे यह साफ है कि बड़े पैमाने पर मिलीभगत कर पूरा कारोबार किया जा रहा है।

---

# प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भर्रीटोला की गतिविधि शून्य



- भर्रीटोला वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक की मनमानी, सदस्यों ने किया शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित भर्रीटोला पंजीयन क्रमांक 136/88 संचालित है। जिसके संचालक मंडल के सदस्यों का चुनाव 16 अप्रैल तथा 22 अप्रैल 2021 को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो गया है। इसके बाद केवल एक बार 10 अक्टूबर 2023 को संचालक मंडल का मीटिंग रखा गया था। उसके बाद आज पर्यंत तक मीटिंग का आयोजन नहीं किया गया है।

समिति के सुस्त प्रशासनिक रवैये से बिफरे सदस्यों ने समिति प्रबंधक एवं समिति के कर्मचारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। ग्रामीण तेंदूपत्ता हितग्राहियों के जागरूकता के अभाव का लाभ उठाया जा रहा है। शासन की योजनाओं से उन्हें दरकिनार किया जाना न्यायसंगत नहीं है।

उक्ताशय की जानकारी भर्रीटोला प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले ग्रामीण विष्णुराम मंडावी, प्रतापसिंह उसारे, मेहतर सिंह उसारे, मोहितराम, जोगितराम, बलीराम बोगा आदि ने प्रशासन से सवाल भी पूछा है कि संचालक मंडल सदस्य चुनाव पश्चात उनके दायित्व एवं अधिकार क्या है? समिति द्वारा कितने दिनों के अंतराल में बैठक जारी किया जाना चाहिए? क्या संचालक मंडल के बिना जानकारी के बिना प्रस्ताव या फर्जी प्रस्ताव संलग्न कर राशि आहरण किया जा सकता है?

संचालक मंडल के सदस्यों ने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा फर्जी प्रस्ताव पारित कर राशि आहरण किया जाता है। तेंदूपत्ता कर्तन राशि का भुगतान अपने शुभचिंतकों को किया जाता है। समिति में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन और भत्ता बिना प्रस्ताव के आबंटित किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगाया है। संग्राहकों को शासन द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न योजना की जानकारी न देकर स्वयं प्रबंधक द्वारा अपने हिसाब से लाभ पहुंचाया जाता है। शाखा कर्तन राशि का भुगतान संचालक मंडल को सूचना दिए बगैर किया जा रहा है। संग्राहकों को तेंदूपत्ता बोनस वितरण भी नहीं किया जाता है।

इस संबंध में समिति के सदस्यों ने विधायक इंद्रशाह मंडावी को भी अवगत कराया है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर एवं वनमंडलाधिकारी को भी शिकायती ज्ञापन सौंपा गया है, किन्तु आज पर्यंत तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

---

# चावल से भरे वाहन को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बड़े पैमाने पर पीडीएस के चावल की अफरा-तफरी हो रही है। चावल के खरीद फरोख्त में कई शासकीय राशन दुकान संचालक से लेकर बिचौलिये और राइस मिलर्स भी शामिल है। पीडीएस के चावल की अफरा-तफरी की सूचना पर आज कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते एक टाटा एस. वाहन को पकड़ा है । जिसमें चावल से भरी 30 बोरियां मिली है।

शहर में संचालित शासकीय राशन दुकानों से लाखों क्विंटल चावल की हर माह अफरा-तफरी हो रही है। वहीं हितग्राहियों द्वारा राशन दुकानों पर रुपए लेकर छोड़े गए चावल को भी ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। शासकीय चावल की हेराफेरी की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते उक्त वाहन को पकड़ा है।



#### गोलमोल दे रहे जवाब

मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने टाटा एस. वाहन को रोका और पूछताछ की। जिसमें वाहन सवार दो युवकों द्वारा गोलमोल जवाब देने के चलते वाहन थाना लाया गया और शासकीय चावल का अंदेशा होने पर खाद्य विभाग को सूचना दी गई। पुलिस की पकड़ में आए दो युवक ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह पार्रीकला के निवासी हैं और लखोली जनता कॉलोनी क्षेत्र से चावल ला रहे थे।

#### पुलिस कर रही जांच

प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल चावल की अफरा-तफरी को लेकर बीते दिनों हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित कर मामले से अवगत कराया गया था। इसके बाद पुलिस भी इस मामले में मुस्तैद थी। वहीं आज मुखबीर के माध्यम से संदिग्ध वाहन को पकड़ा गया है। लगभग 30 बोरियों में भरे इस चावल को कहां ले जाया जा रहा था, इसकी पुलिस जांच कर रही है ।

#### दो क्षेत्र से बड़ी तस्करी

प्रतिदिन शहर के नंदई कुंआ चौक और मोतीपुर क्षेत्र से भी बड़े पैमाने पर चावल की तस्करी की जाती है। बताया जाता है कि उक्त चावल सिंघोला क्षेत्र के एक राइस मिल में भेजा जाता है।

#### खाद्य विभाग को कराया गया अवगत

इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने कहा कि चावल पीडीएस का है या नहीं अभी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सूचना खाद्य अधिकारी को दी गई है। उनके द्वारा पड़ताल किया जाएगा। चावल को लेकर संदेह की स्थिति है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

---

# महापौर ने 10वीं टॉपर भव्या से की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महापौर मधुसूदन यादव ने कक्षा 10वीं में 97.17 प्रतिशत अंकों के साथ राजनांदगांव जिले की संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रही छात्रा भव्या साहू आत्मज चतुर साहू एवं उनके परिजनों से पैतृक ग्राम बोदेला स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की और छात्रा भव्या साहू को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान महापौर के साथ शिक्षक सत्येन्द्र देवांगन एवं स्थानीय ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने छात्रा भव्या साहू से उनकी भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली और उसे भविष्य में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रा के परिजनों को भी बधाई देते उन्हें इस सफलता का हकदार बताया और कहा कि परिवार में प्रोत्साहन एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करने से ही बच्चें सफलता की सीढ़ी पर अग्रसर होते।

---

### समाजसेवी विनय लूनिया का नागरिक अभिनंदन

# उदयाचल की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**राजनांदगांव।** समाजसेवी संस्था उदयाचल का 57वां वार्षिकोत्सव 11 मई को संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भगवान नेत्रनारायण के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उदयाचल की नई कार्यकारिणी ने शपथ भी ली।

अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना ने अपने स्वागत के उद्बोधन में कहा कि उदयाचल के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए जो उनके प्रति विश्वास किया है, उसमें पूर्णरूप से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। संस्था के संरक्षक पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने आगामी योजनाओं जिसमें प्रमुख रूप से रेटिना केयर सेंटर एवं अन्य गतिविधियों में सहयोग करने की अपील की। उदयाचल परिवार की ओर से विनय लूनिया को अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीफल एवं आजीवन सदस्यता का बैच लगाकर सम्मानित किया गया। समारोह के अध्यक्ष अशोक पटवा समाजसेवी रायपुर, खूबचंद पारख, शांतिलाल बरडिया, दिनेश अग्रवाल हीरा ग्रुप ने कार्यक्रम को संबोधित करते संस्था की प्रगति की कामना की। इस दौरान उदयाचल अवार्ड से श्रीकिशन जोशी, श्री संघ बालोद, जैन संघ गुंडरदेही, एमएमआई अस्पताल, डॉ. चारूदत्त कलकमर, सार्थक बाफना, डॉ. जीवन यदु राही खैरागढ़, गुप्तदान संस्था, राजेन्द्र पारख, विनोद बोहरा महेन्द्र ध्रुवे, सुदामा मोटलानी तथा प्रतीक चोपड़ा का सम्मान किया गया।

## युवा व्यवसायी विनोद बोहरा नगर गौरव अवार्ड से सम्मानित

शहर की सेवाभावी उदयाचल संस्था के 57वें वार्षिक उत्सव के आयोजन अवसर पर रविवार को नागरिक अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह और उदयाचल अवार्डस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में सामाजिक क्षेत्र में अपना बेहतर योगदान देने विभिन्न हस्तियों को सम्मानित किया गया। वहीं शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं युवा व्यवसायी विनोद बोहरा अप्पू को उदयाचल परिवार द्वारा स्व. कांतिभाई प्रागजी भाई रायचा की स्मृति में नगर गौरव पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। समाजसेवी विनोद बोहरा अप्पू लगातार जनसेवा से जुड़े कार्यों में अग्रणी होकर अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। विभिन्न धार्मिक, सामाजिक आयोजनों में भी उनकी सहभागिता रहती है। उनके सेवा कार्य को देखते उदयाचल परिवार ने उन्हें नगर गौरव अवार्ड से सम्मानित किया है। श्री बोहरा को हाल ही में सकल जैन समाज ने विशिष्ट समाज गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया है।




#### बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

उदयाचल परिवार द्वारा उदयाचल प्रांगण में आयोजित इस 57वें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान उदयाचल संस्था के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में उदयाचल परिवार से जुड़े लोग और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

#### गुणवत्तापूर्ण कार्य बनी पहचान

राजनांदगांव नगर गौरव पुरस्कार से सम्मानित महावीर ग्रुप के एमडी विनोद बोहरा जिले के डोंगरगांव में जन्मे। उन्होंने अपनी शिक्षा-दीक्षा राजनांदगांव शहर में ग्रहण की। उनमें बचपन से ही सहयोग की भावना जागृत रही। उन्होंने शहर के सबसे पहले कपड़े का विशाल शोरूम सुमित जयस्तंभ चौक की स्थापना की। विनोद बोहरा ने कंट्रक्शन के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने राजनांदगांव में कई कॉलोनी को विकसित किया। महावीर ग्रुप के एमडी के रूप में सनसिटी, रिद्धी-सिद्धी, स्मार्ट सिटी सहित 30 से अधिक प्रोजेक्ट शहर को दिया। राजनांदगांव के अलावा उन्होंने रायपुर, दुर्ग, भिलाई में भी उत्कृष्ट निर्माण कार्य के चलते शोहरत हासिल की। गुणवत्तापूर्ण कार्य उनकी हमेशा विशेष प्राथमिकता में रही।

---

# दिव्य भजन संध्या का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्रीश्री रविशंकर के अवतरण दिवस 13 मई के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव द्वारा दिव्य भजन संध्या का आयोजन पुष्पांजलि पैलेस लालबाग राजनांदगांव में किया गया है।

सुमधुर भजन संध्या में विशेष रूप से आर्ट ऑफ लिविंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. सरिता बाजपेयी जी उपस्थित रहेंगी। सुमधुर सत्संग के साथ मेडिटेशन भी कराया जाएगा।

सत्संग का समय रात्रि 7.30 से 9 बजे तक आयोजित है। सत्संग पश्चात प्रसादी भी रखा गया है। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने उक्त भजन संध्या में शहरवासियों को सादर आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी सत्संग संयोजक अंब्रिक मोटलानी ने दी।

## चिल्फी पुलिस ने की गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# एक क्विंटल गांजा के साथ तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फी

मादक पदार्थ गांजा की अंतर्राज्यीय तस्करी के खिलाफ जिले की सीमावर्ती चिल्फी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक क्विंटल गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक को भी जप्त किया है। गिरफ्त में आए सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 74/25 धारा 20(बी) (II) (सी) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इस संबंध में चिल्फी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चिल्फी प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर को विश्वसनीय मुखबिर से सोमवार को सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक आरजे 17 जीसी 9591 में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर कवर्धा-चिल्फी-झिरमघाट मार्ग से जबलपुर मध्यप्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है।

इस सूचना की गंभीरता को भांपते हुए श्री राठौर ने इसकी जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी और एक टीम गठित कर थाना चिल्फी के सामने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग प्रारंभ की गई। बताया जाता है कि कुछ ही देर में एक संदिग्ध ट्रक घाटी की ओर से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर जब गहन तलाशी ली गई, तो वाहन के केबिन के ऊपर छिपाकर रखी गई 4 बोरियों में कुल 96 पैकेट मादक पदार्थ बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर इनका कुल वजन 1 क्विंटल पाया गया। जिसका बाजार मूल्य 20 लाख रूपए आंका गया है। पुलिस ने ट्रक सवार सांवरिया वर्मा पिता बालचंद वर्मा आयु 34 वर्ष, होकम सिंह सोंधिया पिता बने सिंह आयु 28 वर्ष तथा कुमेर सिंह पिता इंदर सिंह आयु 29 वर्ष तीनों निवासी ग्राम छतरपुरा एवं मेनाखेड़ी, थाना जीरापुर, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनो आरोपियों को अपराध क्रमांक 74/25 धारा 20(बी) (II) (सी) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया वहीं गांजा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जप्त कर लिया है।

### ओडिशा से लाई जा रही थी गांजा की बड़ी खेप



पुलिस गिरफ्त में आए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे गांजा की बड़ी खेप उड़ीसा से लेकर मध्यप्रदेश के जबलपुर जा रहे थे। जहां वे इसे फुटकर में बेंचते हैं। इस कार्यवाही के बाद कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट रूप से चेतवानी दी है कि नशे का कारोबार करने वालों के लिए जिले में कोई जगह नहीं है। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना चिल्फी की टीम में शामिल थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सहायक उप निरीक्षक बीरबल साहू, आरक्षक सुनील मेरावी, पंकज यादव, संतोष साहू, आंसू तिवारी, मो. इरफान, पप्पू पनागर का सराहनीय योगदान रहा।

# बलवीर गजानंद को मिला मदर टेरेसा भारतीय उत्कृष्टता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रसिद्ध लोग भारत विश्व के डारेक्टर राजेश पांडा व उनके टीम हर साल मानवतावादी काम करने वाले संत मदर टेरेसा के विचार पर काम करने के लिए यह अवार्ड दिया जाता हैं। हर साल प्रसिद्ध लोग भारत विश्व द्वारा छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला के ग्राम गिरधारी कापा निवासी व राष्ट्रीय पेंटिग अवार्ड विजेता और भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के डारेक्टर राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवीर गजानंद विश्वकर्मा कई वर्षो से पेंटिग के जरिये मानवता विचार धारा पर पेंटिग करते आ रहे है और एजीओं के जरिये मानवता सेवा करते है इसीलिए यह अवार्ड मिला, चितेरे फाउंडेशन कि सहायक डारेक्टर तान्या मरावी, केद्रीय उपाध्यक्ष अनिता मेरावी, महासचिव तुषार मरावी, सचिव गोवर्धन सिंह मरकाम, राष्ट्रीय महिला प्रभारी कृषा दीप्ती मानिकपुरी, राष्ट्रीय सह सचिव प्रभात विश्वकर्मा, राष्ट्रीय सदस्य सुंदर सिंह, जिला प्रभारी लिलाधर नेताम, बिलासपुर जिला प्रभारी शिवम पटेल व हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक, संयोजक व हरदिहा पटेलसमाज महासभा मुंगेली राज के महासचिव राजेंद्र पटेल सभी ने चितेरे फाउंडेशन की काम को सराहा और बधाई बलवीर गजानंद विश्वकर्मा को दिया।



### गड़रिया-ढेंगर समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ गड़रिया-ढेंगर का जिला स्तरीय बैठक 11 मई को रात्रि 10 बजे समाज जिला धमधा-गंडई परिक्षेत्र के सेक्टर लोहारा अंतर्गत धौरा-भाटा-रंजीतपुर में जिला स्तरीय महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सामाजिक कुटुंब-जनों ने ईष्ट देवी लोक माता अहिल्या बाई होलकर की पूजा-अर्चना कर विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की गई। जिसमें मुख्य बिंदु समाज की एकता व विकास पर चर्चा करना, आय-व्यय का लेखा-जोखा करना, सामाजिक कार्यक्रम में एक-दूसरे को सहयोग करना, भोजन-पानी ग्रहण करना, समाज के रीति-रिवाज का पालन करना, प्रतिभावान जिला स्तरीय विद्यार्थियों कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को नगद राशि पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके प्रोत्साहित करना, जिला स्तरीय समस्त सेक्टर में समान रूप से सामाजिक नियम लागू करना, प्रदेश स्तरीय चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने व वोट डालने पर सुझाव, आगामी जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन दनिया-पोंड़ी में आयोजित करने पर सभा में उपस्थित कुटुंब-जनों ने परिचर्चा किया। इस दौरान मुख्य अतिथि इंदु धनकर, राधेलाल पाली, गोविंद धनकर, विशिष्ट अतिथि मनीराम पाली, चेतन पाली, शंकर लाल पाल, जयराम पाली संतोष पाली, अशोक पाल, केशव पाली, रोशन पाली सहित 52 गांवों के कुटुंब-जन का स्वागत गुलाल लगाकर, पुष्पहार पहनाकर सेक्टर के प्रतिष्ठित जनों द्वारा स्वागत की गई।

# राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में 23 स्वर्ण, 14 रजत, 11 कांस्य पदक प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 जून तक भिलाई के महिला महाविद्यालय में आयोजन किया गया, जिसमे राज्य के अलग-अलग जिलों से 335 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिसमे कबीरधाम जिले से 35 खिलाड़ी शामिल हुए जिसमे जिले को 23 स्वर्ण, 14 रजत व 11 कास्य पदक प्राप्त हुए।

जिसमे जिले से 23 खिलाड़ी छत्तीसगढ़ कराटे टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं विजेता खिलाड़ियों जिसमें सब जूनियर बालिका में प्रथम मिली सोनी, तृतीय नित्या श्रीवास, प्रेरणा सिंह, स्वस्ति शर्मा, अंशिका चन्द्रवंशी, बालक प्रथम तेजस्वत यादव, तृतीय कुणाल जायसवाल, सुधांशु चंद्रवंशी, आदविक राय, वातश्ल्य दामले सब जूनियर कुमिते बालिका प्रथम प्रेरणा सिंह, सुचित्र सिंह, स्वरा चन्द्रवंशी, आरूही श्रीवास, द्वितीय नित्या श्रीवास, शांभवी अग्रहरी, मिली सोनी, मधुरी यादव, अंशिका चंद्रवंशी, स्वस्ति शर्मा, तृतीय आराध्या चौहान टीम काता प्रथम मधुरी यादव, मिली सोनी, स्वस्ति शर्मा, अंशिका चंद्रवंश, सब जूनियर बालक प्रथम सुधांशु चंद्रवंशी, वैभव साहू, वीरेंद्र कुसरे, प्रायूष भुआर्य, भव्य श्रीवास, तेजश्वत यादव, आयुष तुरकर, दुर्गेश कुसरे, श्रीजन डेकाटे, द्वितीय एकांश चन्द्रवंशी, आदवीक राय, वातश्ल्य दामले, रेयान्श झरिया, तृतीय कुणाल जायसवाल व टीम काता बालक प्रथम तेजस्वत यादव, भव्य श्रीवास, वातश्ल्य दामले, आदवीक राय जूनियर बालक काता द्वितीय फाइज रजा बेग, पेखराज साहू, कुमिते बालक प्रथम फाइज रजा बेग, पेखराज साहू, चैतन्या दुर्रकर व द्वितीय जिज्ञांशु सारथी, तृतीय भावेश निषाद, जूनियर बालिका कुमिते प्रथम दिव्यंशी खुशरे, अदिति मानिकपुरी, स्वेक्छा तिवारी, द्वितीय अनुपमा लकड़ा काव्यांश साहू ने भी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में 23 खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम में अपनी जगह पक्की किए जो 10 से 15 जून तक उत्तराखंड में देहरादून में होने वाले राष्ट्रीय कराटें प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सभी खिलाड़ी आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन पर कबीरधाम जिला कराते संघ के पदाधिकारी गण, अभिभावक गण ने शुभकामनाएं दी।

# सोनपुरी-रानी में गुरु गोरक्षनाथ प्राकट्य महोत्सव का भव्य आयोजन, डिप्टी सीएम हुए शामिल

## विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 15 लाख की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम सोनपुरी-रानी पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ के प्राकट्य महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में संतों एवं श्रद्धालुओं से भी भेंट की और उनके आशीर्वाद प्राप्त किए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक सच्चा गुरु समाज को दिशा देता है, और व्यक्ति के जीवन में सदाचार व ज्ञान का संचार करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है, और हमें उनकी शिक्षा को आत्मसात करना चाहिए।उन्होंने बताया कि गोरखपुर एक पवित्र धार्मिक धाम है, और यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की कर्मभूमि भी है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज को संगठित एवं सुरक्षित रखने की प्रेरणा गोरखपुर से मिलती है। हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की और ग्राम के समग्र विकास की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। इसके लिए जनता की भागीदारी और निगरानी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत हर कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने एवं सतत मॉनिटरिंग करने का आग्रह किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले में गठित एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स ) के गठन की जानकारी भी दी, जो राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है।

### गोरक्षनाथ जैसे महापुरुषों की शिक्षाएं आज भी हमारे जीवन के लिए प्रेरणास्रोतः ईश्वरी साहू

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोरक्षनाथ जैसे महापुरुषों की शिक्षाएं आज भी हमारे जीवन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने गुरु परंपरा की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन की दिशा अधूरी होती है। उन्होंने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद समाज को एकता, अनुशासन और समर्पण की भावना से जोड़ता है। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### खाद खेतों में डालने में जुटे ग्रामीण किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ग्रामीण किसान घरों से निकलने वाले कूड़ा-कचरा व गोबर को एक गड्ढे में रखा हुआ देशी गोबर खाद को क्षेत्र के ग्रामीण किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से भरकर खेतों में डालने में जुट चुके हैं, ताकि धान व अन्य फसलों की अच्छा पैदावार व मिट्टी की उर्वरक शक्ति बना रहें। वहीं दूसरे ओर ग्रामीण किसानों ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की समतली करण जोर शोर से किया जा रहा है, ताकि फसलों की अच्छी उत्पादन तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकें।

# क्षेत्र में बुद्ध पूर्णिमा पर बच्चों ने नारियल का पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

बुद्ध पूर्णिमा पर्व में बच्चों ने नारियल का पौधरोपण कर भीषण गर्मी और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए जन जागरूक किया। इंसान हो या पशु-पक्षी हर किसी को ऑक्सीजन की जरूरत होती है, बिना ऑक्सीजन के व्यक्ति एक क्षण भी जीवित नही रह सकता है, इसलिए ऑक्सीजन बनाने के लिए पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है। इसकी महत्ता को हर किसी को समझना होगा, जब तक हर व्यक्ति के अंदर पेड़-पौधों का आदर नहीं होगा तब तक पर्यावरण प्रदूषित होता जाएगा। ये हमें कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। ये हवा को साफ करते हैं, पानी को शुद्ध करते हैं और हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे मिट्टी को बांधकर रखते हैं, जिससे बाढ़ और कटाव कम होता है। ये हमें भोजन, दवा और आश्रय भी देते हैं। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो अगर आप एक आम का पौधा लगाते हैं तो उसका फल आप के साथ आपके परिवार के लोग खाते हैं, लेकिन उससे छाया कई इंसान और पशु लेते हैं। कई पक्षियों का आशियाना भी उसी पेड़ पर होता है।



### राज्य स्तरीय कराते में आरूही ने हासिल किया गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में आरुही श्रीवास जूनियर बालिका वर्ग से प्रतिभागी के रूप में भाग लेकर प्रथम स्थान पर रही और इस कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त की। खिलाड़ी आरुही श्रीवास कवर्धा मार्शल आर्ट में ट्रेनिंग कर रही है, वे ब्लेक ब्लेल्ट अचीवर है, इस ट्रेनिंग सेंटर के मास्टर ट्रैनर आकाश सिंह के प्रयासों से इन्होने सफलता हासिल की और राज्य स्तरीय में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई।

## जिले के अधिकांश निजी विद्यालयों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

# प्राइवेट स्कूलों का बोर्ड परीक्षा में दबदबा स्कूल एसोसिएशन ने दी बधाई

■ सभी सदस्यगणों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में कबीरधाम जिले के निजी विद्यालयों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेश में रौशन किया है। जिले के प्राइवेट स्कूलों ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देकर टॉप रैंक हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जिले के अधिकांश निजी विद्यालयों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, इस वर्ष प्राइवेट स्कूल के तीन विद्यार्थियों जयेन्द्र जायसवाल (सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डातराई), प्रिन्सी चंद्राकर एवं मौली चंद्राकर (बीआरसी स्कूल कुण्डा) ने राज्य स्तरीय टॉप रैंक में स्थान बनाकर जिले की शिक्षा गुणवत्ता को नई पहचान दी है। साथ ही प्राइवेट स्कूल के बच्चों ने जिला टॉप टेन कक्षा 10वीं में 9 बच्चों ने तथा कक्षा 12 वीं में 2 बच्चों ने स्थान बनाया है। प्राइवेट स्कूलों के इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर कबीरधाम प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने बोर्ड परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। जिस पर प्रदेश उपाध्यक्ष पवन देवांगन ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निजी विद्यालयों ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेल, विज्ञान और संस्कृति में भी जिले को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और पालकों के विश्वास का प्रतिफल है। एसोसिएशन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास ने कहा कि यह हमारे पालकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है, जिसके चलते प्राइवेट स्कूल हमेशा उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम संयोजक आदित्य चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु संघ लगातार शिक्षक प्रशिक्षण, खेल महाकुंभ, छात्र सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, संचालक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। सीजी बोर्ड संयोजक संजय सिंह ने कहा कि जिले के सभी निजी विद्यालय जिन्होंने बेहतर परिणाम देकर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, वे सभी बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर पर जिला संरक्षक रामशरण चंद्रवंशी, सपन चोपड़ा, सूचित बोथरा, आशीष अग्रवाल, नारायण साहू, भूपेन्द्र चंद्राकर जिला सचिव लक्ष्मण चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष डॉ अतुल देव वर्मा, शिवनारायण यादव, वीरेंद्र गेंड्रे, सद्दाम खान, द्वारिका चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष राजू राम सिन्हा, सह-सचिव कमलेश चंद्रवंशी, लोमश चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी अवधेश देवांगन, टीआर सेन एवं अन्य सभी सदस्यगणों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।



## खबर संक्षेप

### व्यापमं की भर्ती परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**कवर्धा।** व्यापमं ने 27 अप्रैल को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नवा रायपुर अंतर्गत उपअभियंता (सिविल) भर्ती परीक्षा ली थी। इसका मॉडल उत्तर व्यापमं की वेबसाइट पर 10 मई को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर 17 मई दोपहर 3 बजे तक अपने व्यापमं प्रोफाइल में लॉगइन कर दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

### टेली मानस मोबाइल एप से मिलेगा निदान

**कवर्धा।** भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने टेली मानस एप लॉन्च किया है। इस एप में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान व सुझाव के व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य व व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए टेली मानस एप क्यूआर कोड और हेल्पलाइन नंबर से सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना होगा सरल

**कवर्धा।** बिजली कंपनी ने व्यवसायों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सरल बना दिया है। स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई, इस ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य नियमों में सुधार करना व कठिन प्रक्रिया को सरल बनाना है। नई प्रणाली के तहत, व्यवसायी अब घर बैठे ही स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल पर अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### पनेका में शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा।** प्रदेश सरकार के आव्हान पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर के तहत 13 मई को पनेका, रेंगाखारकला, उड़ियाकला, सोमनापुर नया 14 मई को भागुटोला, 15 मई को खारा, मोहतरा खुर्द 16 मई को गुढ़ा, बिड़ौरा 17 मई को बैजलपुर, डोमसरा 19 मई को बारदी, सिंघनपुरी जंगल 20 मई को रेतापारा, 21 मई को रवेली, कुटकीपारा 22 मई को महाराजपुर, हाथमुड़ी 23 मई को झलमला 24 मई को कुसुमघटा, वीरेंद्रनगर, कोलेगांव 26 मई को बिरकोना 27 मई को राजानवागांव, रणवीरपुर, प्राणखैरा 28 मई को मरका 29 मई को पोड़ी और 30 मई को दौजरी और सिंघनगढ़ में शिविर आयोजित होगी।

## निधन

### लतेल सिंह कश्यप



**कवर्धा।** नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 04 निवासी वरिष्ठ नागरिक लतेल सिंह कश्यप का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया, वे 93 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतकों, नगरवासियों, समाज के लोगों तथा परिजनो ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय कश्यप वरिष्ठ पत्रकार मोहन कश्यप के नाना थें।

**हमला:** दो महिला सहित चार ग्रामीण घायल, एक की हालत गंभीर

# तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर दो भालू ने किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम थुवापानी के जंगल में सोमवार की सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गए चार ग्रामीणों पर वन्यप्राणी दो भालुओं ने अचानक जोरदार हमला कर दिया।

बताया जाता है कि ग्रामीणों पर भालुओं का हमला इतना घातक था कि ग्रामीणों को संभलने का भी मौका नहीं मिला जिसके कारण चारों ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों में दो महिला और दो पुरूष बताए जा रहे हैं घटना के बाद इस चारों घायल ग्रामीणों को जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे रायपुर रिफर किया गया है।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 8.00 बजे जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम बाघूटोला निवासी सुखराम पटेल, उमेंद पटेल, ग्राम चिखली निवासी श्रीमती फूल बाई और ग्राम दियाबार निवासी श्रीमती राजमती पास के थुवापानी जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। बताया जाता है कि चारों ग्रामीण अपने तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक वन्यप्राणी दो भालुओं ने अचानक इन चारों ग्रामीणों पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि भालू इतने आक्रामक थे की उन्हें संभलने और बचने का कोई मौका नहीं मिला। भालुओं ने अपने नुकीले दांतों और पंजों से ग्रामीणों के चेहरे, हांथ, पैर तथा शरीर के दूसरे हिस्सों में घातक वार किए हैं जिससे ग्रामीणों को गंभीरे चोटे आई है। बाद में जैसे तैसे इन भालुओं को भगाया गया और खून से लतपथ चारों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

जहां चिकित्सकों द्वारा उनका ईलाज किया जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जाना घायलों का हाल



कबीरधाम जिले के ग्राम थुवापानी के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान ग्रामीणों पर दो भालुओं ने अचानक हमला किए जाने की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तत्काल जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, खिलेश्वर साहू, रामप्रसाद बघेल, मोहन ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए। वन विभाग द्वारा तत्काल राहत के तौर पर घायलों को सहायता राशि प्रदान की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने भी जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचकर भालू द्वारा किए गए हमले में घायल ग्राम बाघूटोला, चिखली, दियाबार के ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने डाक्टरों से चर्चा की और घायल मरीजों के बेहतर इलाज हेतु निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, डीएफओ, सिविल सर्जन, पार्षद प्रतिनिधि हरीश साहू, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, मनीष साहू सहित स्टाफ मौजूद थे।

# पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

- आपसी विवाद और पुरानी रंजिस के चलते की गई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस ने बैजलपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम खरिया में हाल के दिनो में हुई हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस के मुताबिक आरोपी द्वारा ग्रामीण की हत्या आपसी विवाद और पुरानी रंजिस के चलते गले में टंगिया मार कर की है।




पुलिस ने आरोपी को अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103(1)बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 7 मई की रात्रि को चौकी बैजलपुर को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खरिया में एक व्यक्ति रत्नू धुर्वे पिता पुशऊ धुर्वे उम्र लगभग 50 वर्ष की धारदार हथियार से गले में वार कर हत्या कर दी गई है।

इस सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक का शव बरामद कर घटना स्थल का मौका मुआयाना करने के बाद आश्यक साक्ष्य एकत्र कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक रत्नू धुर्वे बैगा झाड़-फूंक का कार्य करता था। दिनांक 06 मई को सुबह लगभग 8.00 बजे वह अपने गृह ग्राम खरिया पहुंचा था।

वहीं एक परिवार का झाड़-फूंक करते समय आरोपी तेरसु धुर्वे भी वहां पहुंचा और मृतक के साथ बैठकर शराब का सेवन किया। इस दौरान आपसी कहासुनी एवं पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने मृतक से विवाद किया और आवेश में आकर मृतक के घर स्थित धाम से टंगिया लाकर उसके गले में 3-4 वार कर दिया, जिससे घटना स्थल पर ही रत्नू धुर्वे की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया।

पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बैजलपुर सउनि पंच राम वर्मा टीम की विशेष भूमिका रही।

# घूम-घूमकर गांजा बेचने वाली दो महिला गिरफ्तार

## पुलिस ने जब्त किया 370 ग्राम मादक पदार्थ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत पोंड़ी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए गांजा बेंचने की जुगत में घूम रही दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपी महिलाओं के पास से 370 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनो महिलाओं के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रविवार को पुलिस चौंकी पोंड़ी की पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दो महिलाएं नेउरगांव तिराहा, कॉलोनी पारा पोड़ी क्षेत्र में घूम-घूमकर गांजा बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंची और हलिमा बी पति स्व. बशीर मोहम्मद आयु 52 वर्ष तथा परवीन पति स्व. ईजराइल मोहम्मद आयु 32 वर्ष दोनो निवासी वार्ड क्रमांक 08 कुम्हार पारा, पोड़ी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने हलिमा बी के पास से काले रंग के बैग में 370 ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) की कुल 81 पुड़िया बरामद की। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने गांजा को घूम-घूमकर बिक्री करने की बात स्वीकार की। जिसके बाद पुलिस ने दोनो आरोपी महिलाओं को नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक संदीप चौबे, प्रधान आरक्षक लवकेश खरे, आरक्षक जीवन पटेल, रामविलास आडिले, बद्री बांधेकर तथा महिला आरक्षक हुलसी चंद्रवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**हरिभूमि चिल्फी।** ग्राम चिल्फी में रविवार सुबह एक युवक का शव फंदे लटका मिला है। मृतक की पहचान सुकल दास पिता गोपाल दास के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शनिवार रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद सोने चले गए थे। रविवार सुबह जब परिवार के लोग उठे तो सुकल दास अपने कमरे में गमछे के फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बोड़ला शवगृह भेजा गया। मामले में मर्ग कायम पर पुलिस ने विवेचना में लिया है। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने आत्महत्या क्यों की। यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व चिल्फी थाना क्षेत्र के जंगल में भी एक महिला शव फांसी के फंदे पर लटका मिला थे।

# स्काउट मास्टर लीडर के उच्च पद को प्राप्त करने हिमालय वुड बैच प्रशिक्षण में सहभागी बने : नीलम यदु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं कैलाश सोनी राज्य सचिव के नेतृत्व हिमालय वुड बैच प्रशिक्षण शिविर गत दिनो आधारशिला विद्या मंदिर बड़े कोनी बिलासपुर आयोजित किया गया।

इस शिविर में कबीरधाम जिले से स्काउट मास्टर नीलम यदु ने भाग लिया। हिमालय वुड बैच स्काउट एवं गाइड दल संचालन कराने का सर्वोच्च प्रशिक्षण है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रत्येक स्काउटर एवं गाइडर को बेसिक कोर्स एवं एडवांस कोर्स पूर्ण करना होता है, इस बैच प्रशिक्षण के लिए असाइनमेंट राज्य मुख्यालय में जमा किया जाता है। स्काउट मास्टर एवं जिला सचिव नीलम यदु ने बताया कि जिले में अब तक एक एचडब्लूबी स्काउट मास्टर, दो रोवर लीडर, एक रेंजर लीडर है तथा दो एएलटी स्काउट मास्टर एवं एक एलटी स्काउट मास्टर प्रशिक्षक है। उनके प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत कबीरधाम जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियां और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही है।



जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने बताया कि दिनांक 12 से 18 मई तक आयोजित गाइड विभाग हिमालय वुड बैंच प्रशिक्षण में जिले से गाइड केप्टिन भगवती हठीले व संजू मिश्रा शामिल होंगी।

# अब हाइब्रिड धान की बालिया पककर खेतों में तैयार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जेवड़न खुर्द बांझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, सिंघनपुरी, डबराभाट, बरबसपुर, राम्हेपुर कला व क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा हाइब्रिड ग्रीष्मकालीन धान की फसल खेतों में धान की बालियां खेतों में परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं और धान फसल की कटाई में जुटेंगें।

# हरीतिमा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आज के समय में जब पर्यावरण संरक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। बच्चों को इस दिशा में जागरूक करना और प्रेरित करना अत्यावश्यक है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हरीतिमा द्वारा एक विशेष ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों को उनके रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का उपयोग करते हुए हरियाली और जीवन से संबंधित चित्र बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वृक्षारोपण, पौधों की विविधता व पर्यावरण संरक्षण की भूमिका को अपने चित्रों के माध्यम से का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वहीं उनकी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना और पौधारोपण और हरित जीवन के महत्व को उजागर करना है।

प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप से 5 से 10 वर्ष चित्र देख कर बना सकते हैं। वहीं सीनियर ग्रुप 10 से 15 वर्ष के बच्चे शामिल होंगे। चित्रकारी के लिए जल रंग, पेंसिल, ब्रश, क्रेयॉन, शीट को दबाने के लिए पैड आवश्यक सामग्री स्वयं लाना होगा।

प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या 100 तक रखी जाएगी। प्रतियोगिता 16 मई सुबह 7 से 8 बजे तक सुधा वाटिका काली मंदिर गार्डन कवर्धा में होगी।

**शिखर युवा मंच के सहयोग से जिले के 15 गांव ने प्राप्त किया प्रशिक्षण**

# तरेगांव जंगल में दो दिवसीय सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों में कबीरधाम जिले के तरेगांव जंगल में स्थित समरसता भवन में गत दिनो दो दिवसीय सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिखर युवा मंच के सहयोग से किया गया, जिसमें एट्री संस्था, बस्तर से आए विशेषज्ञों अनुभव सोरी, स्रुति मोकाशी एवं ऋतिक भटनागर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में जिले के 15 गांवों जामपानी, कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, दुर्जनपुर, लीलादादर, छुही, बांटीपथरा, लब्दा, जोकपानी, मुड़घुसरी, राली, धुमाछापर, कोमो और कुरलुपानी के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति




एवं वन अधिकार समिति के कुल 41 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत प्रदत्त सामुदायिक अधिकारों की समझ को मजबूत करना, सफल वन प्रबंधन के उदाहरणों से प्रेरणा देना तथा जीपीएस नक्शे और बेवगिस जैसे तकनीकी उपकरणों के माध्यम से सामुदायिक क्षमताओं को सशक्त करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एफआरए कानून की धाराओं, ग्राम सभा की भूमिका, प्रबंधन संरचना, और सामुदायिक निगरानी तंत्र की गहन जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने व्यवहारिक सत्रों में जीपीएस उपकरणों और नक्शों का उपयोग कर सीआरएफ क्षेत्र को चिन्हित करने की तकनीक भी सीखी। विशेषज्ञों ने महाराष्ट्र और बस्तर के प्रेरणादायक केस स्टेडिज और वीडियो प्रस्तुत कर यह दिखाया कि जब समुदाय अपने संसाधनों की जिम्मेदारी खुद लेते हैं, तो संरक्षण और आजीविका दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने गाँवों में सीएफआरएमसी को सशक्त बनाने, ग्राम सभाओं को नियमित करने और पारदर्शी व सहभागी वन प्रबंधन को लागू करने का संकल्प लिया।

# गौरवपथ एवं भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रदेश सहित जिले में भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास एवं निर्माण कार्यो में आई तेजी अब जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगी है। इसी कड़ी में पिपरिया क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए झिरना मुख्य मार्ग को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क गौरव पथ के तहत 49 लाख रु स्वीकृत किया गया जिसका आज भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कबीरधाम जिले का चहुमुखी विकास हो रहा है गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास और सड़कों का जाल बिछ रहा है। झिरना



मेला प्रांगण में पुजारी के निवास के लिए भी क्षेत्र के लोगों ने भवन की मांग की थी जिसे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा 6. 50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन के रूप में स्वीकृत किया गया। जिसका भी पूजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सभापति सुमित्रा विजय पटेल, मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल प्रकाश चंद्रवंशी नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवाराम साहू, खेम राम साहू, खिलेश्वर साहू, सुनील साहू, दिनेश चंद्रवंशी, नीतीश चंद्रवंशी, परस साहू, मुनी चंद्रवंशी, कमल कांत नाविक, झगराम साहू, ईश्वरी ध्रुव, पवन साहू, महेतरु कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।